हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 111, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 19 अक्टूबर, 2023 दिन गुरुवार | गाजीपुर/वाराणसी

## आजम खां, बेटे अबदुल्ला व पत्नी को 7 साल की सजा

### दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में रामपुर कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला




रामपुर। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आजम खां, अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फात्मा को सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट के आदेश पर तीनों को सीधे जेल भेजा जाएगा। इससे पहले, बुधवार को ही कोर्ट ने मामले में तीनों को दोषी करार दिया था। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया। लघु उद्योग प्रकोष्ठ के तत्कालीन क्षेत्रीय संयोजक एवं भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें सपा नेता आजम खां और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। तीनों ही लोग इस समय जमानत पर चल रहे हैं। मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रहा है। 11 अक्तूबर को इस मुकदमे में अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ताओं को बहस करनी थी, लेकिन उनके द्वारा कोर्ट में स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अब्दुल्ला को आदेश दिया था कि वह 16 अक्तूबर तक लिखित बहस दाखिल कर सकते हैं। इस फैसले के खिलाफ जिला जज की कोर्ट में रिवीजन दायर की गई थी, जिसे एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सुनवाई के बाद खारिज कर दिया था। मंगलवार को अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ताओं ने लिखित बहस दाखिल की। इसके बाद कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में कोर्ट 30 गवाहों और उपलब्ध दस्तावेजी सुबूतों के आधार पर अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। दोनों ओर से 15-15 गवाह सुनवाई के दौरान पेश किए गए। पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र का यह मामला वर्ष 2019 में सामने आया था। उस समय भाजपा लघु प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक व मौजूदा समय में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने गंज थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया था। आरोप था कि अब्दुल्ला ने अपने दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाए है, जिनमें एक रामपुर नगरपालिका परिषद से, जबकि दूसरा प्रमाणपत्र लखनऊ नगर निगम से बनवाया। आरोप है कि उसका प्रयोग अब्दुल्ला आजम ने विधानसभा चुनाव के दौरान किया। पुलिस ने मामले की जांच कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट में अभियोजन की ओर से मुकदमे के वादी विधायक आकाश सक्सेना समेत 15 गवाहों के बयान दर्ज हुए, जबकि अब्दुल्ला आजम, आजम खां व डॉ. तंजीन फात्मा की ओर से अपने बचाव में 15 गवाहों के बयान कराए। इसके अलावा अभियोजन की ओर से विधि व्यवस्थाओं के साथ ही हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में पारित निर्णय का भी हवाला दिया गया है। इन 30 गवाहों और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान अब्दुल्ला की ओर से जन्मतिथि का जो ब्योरा दिया गया था। उसे उस समय उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रहे नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में बड़ा फैसला, सभी आरोपी दोषी करार



नई दिल्ली। पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्याकांड मामले में अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया है। साकेत कोर्ट ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। मकोका के तहत सजा सुनाई जाएगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें पूरी होने के बाद 13 अक्टूबर को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 को उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब वह सुबह करीब साढ़े तीन बजे अपनी कार से घर लौट रही थी। पुलिस ने दावा किया था कि उसकी हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था। पांच लोगों रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक, अजय कुमार और अजय सेठी को उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और मार्च 2009 से हिरासत में हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाया था।

## हर मरीज का समय पर इलाज कराएं सतर्कता बढ़ाएं : योगी आदित्यनाथ



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन, निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेजों की स्थिति और डेंगू की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखी गई है। विगत कुछ दिनों में मुरादाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी हॉटस्पॉट की स्थिति न बनने पाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पतालों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कराई जाए। गांव हो या कि शहर कहीं भी एक भी संक्रमित मरीज इलाज के अभाव में परेशान न हो। सभी सरकारी व निजी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में नए रोगियों की नियमित रिपोर्टिंग जरूर हो। जनपदों में आउटब्रेक्स की स्थिति पर नियंत्रण हेतु ठोस प्रयास किये जाने आवश्यक है। नगर विकास, ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु फॉगिंग एवं लावीसाईडल स्प्रे कराई जाए। सुबह सैनीटाइजेशन व शाम को फॉगिंग का कार्य निरंतरता के साथ कराएं। जल भराव का निस्तारण कराएं। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन अयोग्य योजना के लिए पात्र हर परिवार का आयुष्मान कार्ड जरूर बनाया जाए। इस संबंध में वर्तमान में संचालित अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है। अब तक 191.9 लाख परिवार इन योजनाओं से आच्छादित होकर पांच लाख रुपए वार्षिक के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं। योजना के बारे में आमजन के बीच जागरूकता भी बढ़ाई जाए। असेवित जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए राज्य सरकार ने पीपीपी मोड की नीति अपनाई है। इसके तहत शामली, मऊ, महराजगंज और संभल में कार्य प्रारंभ हो चुका है। जबकि बागपत, मैनपुरी, कासगंज, महोबा, हमीरपुर और हाथरस के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग के तहत भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। सभी जगह शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किए जाएं।

विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में चयनित 293 शिक्षकों और 1950 से अधिक स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर यथोचित तैनाती सुनिश्चित करें। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में आचार्य, सह आचार्य और सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर यथाशीघ्र योग्य चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए। फेज-3 के अंतर्गत निमार्णाधीन बुलंदशहर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, औरैया, ललितपुर, सोनभद्र, कानपुर देहात, पीलीभीत, बिजनौर, चंदौली, कौशाम्बी, कुशीनगर, सुल्तानपुर व अमेठी मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए।

## राहुल गांधी ने अदाणी समूह पर लगाया कोयले के आयात में घोटाले का आरोप, कहा- 12 हजार करोड़ का हुआ गबन



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर अदाणी समूह पर बड़ा हमला किया है। राहुल गांधी ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'अदाणी और कोयले की रहस्यमयी कीमतों में वृद्धि' पर एक मीडिया रिपोर्ट दिखाई। राहुल ने कहा, "अदाणी जी जो चाहते हैं उन्हें मिल जाता है। सब जानते हैं कि अदाणी समूह ने भ्रष्टाचार किया है। राहुल गांधी ने अदाणी समूह पर बड़ा आरोप लगाया। अदाणी ने 32000 हजार करोड़ का घोटाला किया। अदाणी समूह को सरकार का संरक्षण मिल रहा है। महंगी बिजली के पीछे अदाणी समूह का हाथ है। सवाल उठने पर भी जांच नहीं की जा रही है। ऐसी क्या बात है कि जांच नहीं हो रही है।" राहुल गांधी ने कहा कि अदाणी समूह ने कोयले के आयात में गड़बड़ी की और 12000 करोड़ रुपये का गबन किया है। प्रेस वार्ता के दौरान राहुल गांधी से सवाल किया गया कि वे शरद पवार से यह सवाल क्यों नहीं पूछते हैं, क्योंकि आईएनडीआईए गठबंधन के विरोध के बाद भी उन्होंने अदाणी से मुलाकात की थी। इस सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने अब तक शरद पवार से कोई सवाल नहीं किया है क्योंकि शरद पवार प्रधानमंत्री नहीं हैं। बता दें कि विदेशी अखबार फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि अदाणी की कंपनी ने कम कीमत में कोयले की खरीद की और उसका दाम बढ़ाकर बताया। राहुल राहुल गांधी ने आगे कहा, शरद पवार अदाणी को नहीं बचा रहे हैं। उन्हें पीएम मोदी बचा रहे हैं। इसलिए मैं शरद पवार से नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी से सवाल कर रहा हूं। अगर शरद पवार प्रधानमंत्री बन जाएंगे और अदाणी को बचाने की कोशिश करेंगे तो मैं उनसे भी ये सवाल करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

## दहेज मांगने वाले भिखारी, विवाह से मना कर दे बेटियां : आनंदीबेन पटेल

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षा समारोह में बेटियों को स्वर्ण पदक प्रदान करने के बाद कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि दहेज मांगने वाले भिखारी होते हैं, ऐसे परिवार में बेटियों का विवाह न करें। राज्यपाल ने कहा कि नोएडा में स्कूटी की मांग पूरी न होने पर बहू को जलाने की घटना का जिक्र करते हुए बेटियों से आह्वान किया कि जो परिवार दहेज मांगे वहां विवाह करने से साफ मना कर दें। माता पिता को बोले की जो परिवार अभी से भिखारी की तरह मांग कर रहा है वह आगे चल कर और क्या क्या मांग करेंगे। राज्यपाल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटे और बेटियों में भेदभाव बंद करें। बेटियों को सरकारी स्कूल और बेटों को निजी स्कूलों में मोटी फीस देकर पढ़ना गलत है। अगर माता पिता ही ऐसा भेदभाव करेंगे तो समाज से क्या अपेक्षा कर सकेंगे। राज्यपाल ने कहा की सीसीएसयू में मिले स्वर्ण पदक दिखाते हैं कि बेटियां आज कितनी आगे हैं। बेटे पिता के कारोबार को आगे बढ़ाने को ध्यान में रखकर पढ़ाई करते हैं जबकि बेटियों को ससुराल जाना पड़ता है इसलिए वह अधिक मेहनत से पढ़ाई करतीं हैं जिससे भविष्य में कोई विपत्ति आए तो वह आत्मनिर्भर बन सकें। राज्यपाल ने प्रदेश में दो परिवारों के बीच जमीन को लेकर



हुई लड़ाई में छह लोगों की हत्या के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि समाज को ऐसे कृत्यों से बाहर निकलने की जरूरत है। आपसी सहयोग की जरूरत है। यह शिक्षा से ही आता है। शिक्षा हमें सदाचार और प्रेम सिखाती है। राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफल होने के बाद समाज और देश को नहीं भूलना चाहिए।

## राजभर बोले - धैर्य रखिए... जल्दी ही शपथ हो जाएगी..., मंत्री बनाए जाने के सवाल पर दिया जवाब



लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के यूपी के मंत्रिमंडल में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार होने पर उन्हें मंत्री बनाया जा सकता है। इस संबंध में बुधवार को जब उनसे सवाल किया गया कि आज नवरात्र का चौथा दिन है मंत्री कब बन रहे हैं? तो उन्होंने जवाब दिया कि जल्दी ही शपथ हो जाएगी। विजयादशमी कब है, धैर्य रखिए! उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में सपा कांग्रेस को हराने के लिए काम कर रही है। सपा भाजपा की बी टीम है। सपा भाजपा को जिताने के लिए ही एमपी में चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस व सपा द्वारा जातीय जनगणना की मांग करने के सवाल राजभर ने कहा कि सुभासपा बीते 20 साल से यही मांग कर रही है। सपा ने मुस्लिमों को नफरत के सिवा कुछ नहीं दिया। मोदी-योगी बिना भेदभाव देश-प्रदेश को सभी नागरिकों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। राजभर ने कहा कि यूपी कांग्रेस, बसपा और सपा सब पिट गई हैं। पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक ) एनडीए में आ गया है। अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद और केशव प्रसाद मौर्य सब पीडीए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा, कांग्रेस और बसपा ने पुलिस व लेखपाल की भर्ती में मुस्लिमों को हिस्सेदारी नहीं दी। विपक्ष समाजिक न्याय की बात करता है लेकिन जब सरकार बनती है तो सिर्फ परिवार पर ध्यान रहता है। भाजपा ने योजनाएं बनाईं उसका लाभ देने में जाति और धर्म नहीं देखा जाता है। योगी सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ। विपक्ष के लोग ईडी और सीबीआई के डर से एकजुट होकर सरकार बनाने में जुटे हैं। बहुजन समाज पार्टी के जोनल कोआर्डिनेटर फागू सिंह चौहान बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने मऊ में पार्टी की सदस्यता ली। इसी तरह अपना दल एस क अनुसूचित प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव अवनीश गौतम भी सुभासपा में शामिल हो गए। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व मंत्री सैयद शकील और हिंदू महासभा के पंकजनाथ ने भी सुभासपा की सदस्यता ले ली।

## विषमलिंगीय किन्नरों को शादी का अधिकार : जस्टिस चंद्रचूड़

नई दिल्ली। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा है कि विषमलिंगीय किन्नरों को मौजूदा कानून में शादी करने का अधिकार है। यहां तक कि पर्सनल ला में भी है जो शादी को रेगुलेट करते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने फैसले में आदेश दिया है कि राज्यों को क्वीर (एलजीबीटीक्यू) को अपने अधिकारों का उपयोग करने में सक्षम बनाना चाहिए। उन्हें उनके परिवारों, पुलिस या अन्य एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। जस्टिस चंद्रचूड़ ने सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय समिति गठित किए जाने के आश्वासन को आदेश में दर्ज करते हुए कहा है कि समिति में विशेषज्ञ और सभी हितधारक भी शामिल होंगे। यह समिति समलैंगिक साथी को राशन कार्ड, संयुक्त खाता और साथी को नामिनी के तौर पर शामिल करने के लिहाज से परिवार का सदस्य माने जाने पर विचार करेगी। यहां तक कि जेल में मिलने का अधिकार और मरने पर बाडी प्राप्त करने और अंतिम संस्कार के अधिकार पर भी विचार करेगी। जस्टिस चंद्रचूड़ ने और भी बहुत सी बातें कहीं। जस्टिस कौल ने समलैंगिकों को कुछ और अधिकार देने के जस्टिस चंद्रचूड़ के फैसले से सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि समलिंगीय और विषमलिंगियों को एक ही सिक्के के दो पहलू के रूप में देखा जाना चाहिए। जस्टिस भट ने कुछ पहलुओं पर जस्टिस चंद्रचूड़ के फैसले से असहमति जताई। हालांकि वे इससे सहमत थे कि शादी मौलिक अधिकार नहीं है। जस्टिस कोहली और जस्टिस नरसिम्हा ने भी जस्टिस भट के फैसले से सहमति जताई। उन्होंने कहा कि विशेष विवाह अधिनियम भेदभावपूर्ण नहीं है। विवाह के अधिकार को मौलिक अधिकार नहीं माना जा सकता। यह एक ऐसा मामला है जिसे विधायिका पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

## दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार का बड़ा तोहफा, महंगाई भत्ता 42% से बढ़ाकर 46% किया गया


नई दिल्ली। कैबिनेट ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में महत्वपूर्ण वृद्धि को मंजूरी दे दी है। महंगाई भत्ते को 42% से बढ़ाकर 46% कर दिया गया है। इस निर्णय से उनके मासिक भत्ते में वृद्धि होगी, जिसका उद्देश्य उन्हें जीवन यापन की बढ़ती लागत से निपटने में मदद करना है। इस कदम से कार्यबल के एक बड़े हिस्से और सेवानिवृत्त कर्मियों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे आर्थिक चुनौतियों के बीच राहत मिलेगी। डीए वृद्धि का सटीक प्रतिशत और इसके कार्यान्वयन का विवरण जल्द ही घोषित किया जाएगा, जिससे प्रभावित व्यक्तियों को अधिक स्पष्टता मिलेगी। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के फैसले को त्योहारों से पहले सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा माना जा रहा है। बुधवार को कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे है। अब केंद्रीय कर्मचारियों को 46 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। इसे 1 जुलाई 2023 से लागू किया गया है। इसका फायदा 48 लाख से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और करीब 65 लाख पेंशनभोगियों को मिलेगा। केंद्रीय कर्मियों और पेंशनधारकों को अब महंगाई भत्ते की नई दरों से भुगतान किया जाएगा। अक्तूबर के वेतन के साथ ही नई दरों



के हिसाब से ही वेतन का भुगतान होगा। इसमें जुलाई, अगस्त, सितंबर का एरियर भी शामिल होगा। साल की दूसरी छमाही के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है। चार फीसदी के उछाल के साथ महंगाई भत्ता 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया है। सरकार की ओर से जल्द ही इस बारे में औपचारिक ऐलान किया जाएगा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के अलावा पेंशनधारकों को भी सरकार ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए राहत दी है। उनके लिए भी चार फीसदी की समान दर से डीआर में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी भी एक जुलाई 2023 से प्रभावी होगा। अब पेंशनधारकों को पेंशन के साथ डीआर की नई दरों के आधार पर भुगतान देय होगा। पेंशनर्स के लिए भी महंगाई भत्ते को बढ़ाकर 46 फीसदी कर दिया गया है। कैबिनेट के अनुसार महंगाई भत्ते की बढ़ी दरों के चलते देश के खजाने पर करीब 17000 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कैबिनेट ने छह प्रमुख रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को भी मंजूरी दे दी है। अगले मार्केटिंग सीजन के लिए एमएसपी में सात फीसदी का इजाफा किया गया है।

## नहीं रहे मलयालम इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता कुंद्रा जॉनी, दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन

नई दिल्ली। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने एक्टर कुंद्रा जॉनी का 71 वर्ष की आयु में कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया है। उनके निध? से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुंद्रा जॉनी को मंगलवार शाम को हार्ट अटैक आया था, और तुरंत ही उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की लाख कोशिश की, पर कुंद्रा जॉनी बच न सके। कुंद्रा जॉनी के निधन से मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में मातम पसरा हुआ है। वहीं मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल ने कुंद्रा जॉनी को श्रद्धांजलि देते हुए फेसबुक पर एक पोस्ट किया है। मोहनलाल के अलावा कई और मलयालम एक्टरों ने कुंद्रा जॉनी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कुंद्रा जॉनी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत 1979 में फिल्म 'नित्य वसंतम' से की थी। मलयालम सिनेमा में कुंद्रा जॉनी नेगेटिव किरदारों के कारण काफी लोकप्रिय रहे। उन्होंने तमिल भाषा में भी काफी फिल्में कीं। उनकी कुछ अन्य



शानदार फिल्मों में 15 अगस्त, हैलो, अवन चंडीयुडे माकन, भार्गवचरितम मुन्नम खंडम, बलराम बनाम थरादास, भारत चंद्रन आईपीएस, दादा साहेब, क्राइम फाइल, थचिलेदाथ चुंदन, सामंथरम, वर्नाप्पकिट, सागरम साक्षी और अनावल मोथिराम शामिल है।

## संपादकीय

# दिल्ली शराब घोटाला कानूनी पेचीदगियों की वजह से बन सकता है बहस का मुद्दा

अनियमितता से संबंधित मामलों में कार्रवाई आमतौर पर उन्हीं लोगों पर केंद्रित रहती है, जो आरोपी होते हैं और माना जाता है कि अवैध गतिविधियों या लेनदेन में उनकी मुख्य भूमिका है। इस संदर्भ में यह एक विडंबना ही रही है कि किसी भ्रष्ट गतिविधि का लाभ तो एक पूरे समूह को मिलता है, लेकिन जब उसका खुलासा होता है तो आरोपों के कठघरे में एक-दो लोग ही आते हैं। अब दिल्ली में शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने जो कहा है, अगर वह कानूनी तौर पर जमीन पर उतरा तो यह इस मसले पर एक बड़े बदलाव का उदाहरण बनेगा। दरअसल, दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान सीबीआइ और ईडी ने अदालत को बताया कि इस मुकदमे में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाने पर विचार किया जा रहा है। आरोपों की प्रकृति के सवाल पर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि आरोप अलग हो सकते हैं, लेकिन अपराध एक ही होगा। जाहिर है, अगर भ्रष्टाचार के आरोपों में इस स्तर पर कानूनी कार्यवाही चलती है, तो इस संबंध में एक नया आयाम खुलेगा। यह सवाल उठेगा कि अगर किसी राजनीतिक पार्टी में जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति किसी अनियमितता में मुख्य आरोपी है, लेकिन उसकी गतिविधियों का लाभ पूरी पार्टी को मिले, तो जिम्मेदारी का दायरा क्या होना चाहिए। इसी कोण से अदालत में उठी बात के बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से ताजा रुख जाहिर किया गया। गौरतलब है कि पांच अक्तूबर को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से पूछा था कि अगर शराब घोटाले से सीधे आम आदमी पार्टी को फायदा पहुंचा, तो फिर उसे आरोपी क्यों नहीं बनाया गया। अदालत के इस सवाल के बाद अब ईडी और सीबीआइ ने एक तरह से इसी सवाल को कार्रवाई के दायरे में शामिल करने का संकेत दिया है। अब तक आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेताओं- मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को आबकारी घोटाले से जुड़े मामलों में ईडी और सीबीआइ ने गिरफ्तार किया है। इस क्रम में अब मामले की आंच समूची पार्टी तक पहुंचती दिख रही है। हालांकि अगर ईडी और सीबीआइ आम आदमी पार्टी को भी कठघरे में खड़ा करने के लिए कानूनी पहल करती है, तो इससे जुड़े कानून की कसौटी पर यह परखा जा सकता है कि क्या धनशोधन रोकथाम अधिनियम के दायरे में किसी राजनीतिक पार्टी को भी लाया जा सकता है। दरअसल, धनशोधन रोकथाम अधिनियम की धारा-70 को अब तक कंपनियों के जरिए किए जाने वाले अपराधों की स्थिति में लागू होता रहा है। मगर यही कानून अगर राजनीतिक दल को आरोपी बनाने में उपयोग होता है, तो संभव है कि इसके लिए अलग से कोई और कानूनी रास्ता अख्तियार करना पड़े। कानूनी पेचीदगियों की वजह से यह मसला बहस का केंद्र बनेगा। यह छिपी बात नहीं है कि भ्रष्टाचार या अनियमितता की लाभार्थी कई बार समूची पार्टी होती है, लेकिन कार्रवाई के दायरे में एक-दो नेता आते हैं। इस तरह किसी व्यापक दायरे का भ्रष्टाचार व्यक्तिगत मामला बन कर रह जाता है। सवाल है कि ऐसे मामलों में पार्टी की जिम्मेदारी क्या होगी? अगर कानूनी कसौटियों पर किसी राजनीतिक दल को आरोपी बनाने का आधार मजबूत हुआ तो आम आदमी पार्टी को शायद गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़े।

## मोड़ ये विनाशक!



मोड़ ये विनाशक ।
जारी है प्रहार ।।
बम बारूद गिर रहे ।
बरस रहे अंगार ।।
की जिसने भी गलती ।
है आना परिणाम ।।
मिला त्वरित उनको ।
मिलना जो पैगाम ।।
जानती ये दुनिया ।
है किसका फसाद ?
सोचना था पहले ही ।
आज क्यों फरियाद ।।
जानबूझकर है छेड़ा ।
अब बनते मासूम ?।।
खेल अब ये खुल चुका ।
तय मचनी है धूम ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# क्या यूक्रेन की तरह इजरायल को भी अकेला छोड़ने जा रहा है अमेरिका ?

**संतोष पाठक**



कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास के खतरनाक आतंकी हमले के बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया है। इजरायल हर तरीके से हमास को खत्म करने पर तुला हुआ है। इजरायल की तरफ से की जा रही भीषण जवाबी कार्रवाई के दौरान फिलिस्तीन के कुछ निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं और इसी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से मानवाधिकार का मुद्दा गरमाता हुआ नजर आ रहा है।

हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सोमवार रात गाजा में जारी हिंसा पर लाए गए रूस का प्रस्ताव जिसमें गाजा में आम नागरिकों के खिलाफ हो रही हिंसा की निंदा करते हुए युद्धविराम की मांग की गई थी को खारिज कर दिया गया। रूस द्वारा एक तरह से इजरायल के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को 15 सदस्यों वाली सुरक्षा परिषद में पास होने के लिए 9 वोटों की जरूरत थी लेकिन प्रस्ताव के समर्थन में सिर्फ चार देशों ने ही वोट दिया, वहीं चार देशों ने इसके खिलाफ भी वोट दिया। रूस के प्रस्ताव में आतंकी संगठन हमास या उसके द्वारा इजरायली नागरिकों पर किए गए बर्बर आतंकी हमलों का कोई जिक्र नहीं था। दरअसल, गाजा में हमास को खत्म करने के लिए की जा रही इजरायली कार्रवाई को लेकर चीन और रूस के अलावा कई अरब देश तो सवाल उठा ही रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी जिस अंदाज में इजरायल को नसीहत दी है, उससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। वैसे तो अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन हमास के हमले के खिलाफ इजरायल की जनता के प्रति अपना समर्थन जताने के लिए बुधवार को इजरायल के दौरे पर भी जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन और अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति बाइडेन की इजरायल यात्रा की खबर पर मुहर लगा दी है। लेकिन यह हमेशा से ही कहा जाता रहा है कि अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में जैसा दिखता है, वैसा हर बार होता नहीं है। अपने साथियों को अलग-थलग छोड़ने,आतंकी संगठन को नजरअंदाज करने या फिर व्यापारिक फायदे के लिए किसी कुख्यात संगठन या देश का साथ देने के मामले में अमेरिका का ट्रैक रिकॉर्ड हमेशा से ही खराब रहा है। इसलिए अमेरिका के रुख को समझने के लिए हमें तीन तथ्यों पर गौर जरूर करना चाहिए। पहला- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर इजरायल जा रहे हैं। दूसरा- बाइडेन रूस-यूक्रेन की लड़ाई के बीच यूक्रेन जाकर भी रूस को सबक सिखाने की बात कर चुके हैं लेकिन यूक्रेन आज भी रूस जैसी महाशक्ति से अकेले लड़ रहा है और तबाह भी हो रहा है। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण तथ्य तो यह है कि अमेरिका जैसा देश भी इजरायल को मानवाधिकार का पाठ पढ़ा रहा है। उस इजरायल को जिसके सैंकड़ों नागरिक हमास के आतंकी हमले का शिकार हुए और जिसके 200 से ज्यादा नागरिकों को हमास ने अभी भी बंधक बनाया हुआ है। अब तक हर कीमत पर इजरायल के साथ खड़े नजर आने वाले अमेरिका के सुर भी इस बार बदले बदले से नजर आ रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल को नसीहत देते हुए बयान दिया कि हमास का पूरी तरह से खात्मा होना जरूरी है लेकिन इसके साथ ही फिलिस्तीन राज्य का रास्ता भी साफ होना चाहिए। बाइडेन ने कहा कि इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि इजरायल पर हमास के आतंकी हमलों से फिलिस्तीन के ज्यादातर लोगों को कोई लेना-देना नहीं था लेकिन वे इस हमले के परिणाम को झेल रहे हैं। उन्होंने तो यहां तक उम्मीद जता दी कि इजरायल इस लड़ाई में युद्ध के नियमों के तहत ही कार्रवाई करेगा यानी आतंकी संगठन से लड़ने में भी युद्ध के नियम का पालन ? यह बात सही है कि निर्दोष नागरिकों को मारने की कार्रवाई को कतई जायज नहीं ठहराया जा सकता लेकिन जब एक आतंकी संगठन उन नागरिकों को ढाल की तरह इस्तेमाल कर आतंकी हमला करें तो फिर संयुक्त राष्ट्र को नसीहत देने की बजाय कार्रवाई करना चाहिए। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान के बाद अब इजरायल के लिए यह सोचने वाला मुद्दा तो बन ही गया है कि क्या अपने व्यापारिक हितों या बदल रहे वर्ल्ड आर्डर में अपनी भूमिका को सुरक्षित रखने के स्वार्थ से ग्रस्त अमेरिका उसे भी तो गच्चा देने नहीं जा रहा है। यूक्रेन का ताजा-ताजा उदाहरण तो सबके सामने है ही।

# पीजी कालेज मलिकपुरा में आयोजित हुआ प्राचार्य सम्मान समारोह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । शिक्षा का मूल उद्देश्य स्वयं की प्रतिभा को पहचान कर उसका सही मायने में उपयोग करना है?। वहीं शिक्षक छात्रों को शैक्षणिक व व्यवहारिक ज्ञान देकर उनकी सुसुप्त प्रतिभा को सही दिशा प्रदान करता है। पीजी कॉलेज मलिकपुरा के संस्थापक स्व.भगवान सिंह के अनुज डॉ. हरिप्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. हरिकेश बहादुर सिंह पूर्व कुलपति जयप्रकाश नारायण विश्व विद्यालय छपरा बिहार, ने आयोजित प्राचार्य सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपने एक वर्ष के कार्यकाल




में प्रोफेसर दिवाकर सिंह ने महाविद्यालय को विकास के पद पर अग्रसर किया है और हमें विश्वास है कि उनके निर्देशन में महाविद्यालय लगातार विकास के पथ पर बढ़ता रहेगा। विशिष्ट अतिथि डा. ए.के. राय ने महाविद्यालय के विकास कार्यों की प्रगति पर प्राचार्य को बधाई देते हुए हर सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर सिंह ने महाविद्यालय की विकास यात्रा को निरन्तर प्रगति के पथ पर बढ़ाने का आश्वासन देते हुए इस कार्य में क्षेत्र से सहयोग की मांग की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने केक काटकर खुशी का इजहार करते हुए प्राचार्य को उनके सफल एक वर्ष के कार्यकाल की बधाई दी। इस अवसर पर क्षेत्र की गणमान्य जनों में श्री कृष्णा सिंह, उदय प्रताप सिंह, ध्रुव नाथ सिंह, शिव शंकर सिंह,ओमप्रकाश सिंह, प्रभु नाथ, लल्लन सिंह, त्रिभुवन सिंह अनिल सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. सर्वेश पाण्डेय ने किया।

## शादियावाद थाना प्रभारी ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेश के क्रम में स्नातकोत्तर महाविद्यालय मलिकपुरा में शादियाबाद थाना पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा छात्राओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिस कर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने छात्राओं को विषम परिस्थितियों में, महिला संबंधित सभी हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090,1076,1098, 181, 112, 102 और 108 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को यह भी बताया गया कि इन नंबरों पर आपकी शिकायत सुनने के लिए महिला कर्मी को ही नियुक्त किया गया है। महिला पुलिस टीम की सोनी द्वारा वहां उपस्थित छात्राओं से उनकी विभिन्न समस्याओं की जिज्ञासा को भी सुना गया तथा उसके निस्तारण के लिए कार्यवाही की भी जानकारी दी गई।

## विकासखंड काशी विद्यापीठ, सेवापुरी और आराजी लाइन के अमृत कलश धूमधाम से शोभायात्रा के रूप में शहीद उद्यान, सिगरा पहुंचा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड से जनपद स्तर पर अमृत कलश संग्रह कार्यक्रम के क्रम में वाराणसी जनपद के विकासखंड काशी विद्यापीठ, सेवापुरी और आराजिलाइन के अमृत कलश धूमधाम से शोभायात्रा के रूप में शहीद उद्यान, सिगरा में ले गए` जिला प्रशासन की तरफ से अमृत कलश यात्रा का गरिमामय स्वागत और सम्मान किया गया तीनों विकास खंड के कलशों को समान नगरनिगम कार्यालय स्थित संग्रह कक्ष में सुरक्षित संग्रह किया गया। अमृत कलश यात्रा में तीनों विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि सम्मिलित थे यात्रा का स्वागत और सम्मान क्षेत्रीय संस्कृति अधिकारी, वाराणसी क्षेत्र डा० सुभाष चंद्र यादव, जिला युवा कल्याण अधिकारी अजय कुमार सिंह सहित प्रशासन के अधिकारियों ने किया।

## दुर्गा माता के नौ रूप व प्रतिनिधित्व




**पहला रूप:** शैलपुत्री पर्वतों के सम्राट की पुत्री हैं। देवी शैलपुत्री धैर्य और भक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**दूसरा रूप:** देवी ब्रह्मचारिणी अच्छा आचरण, प्यार और वफादारी का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक गुण हैं।

**तीसरा रूप:** देवी चंद्रघंटा का रंग सुनहरा, दस हाथ और तीन आँखें हैं। वह बहादुरी और निडरता का प्रतीक हैं।

**चौथा रूप:** देवी कुष्मांडा ने ब्रह्मांड का निर्माण किया और उनकी सौर आभा है। वह प्रसिद्धि, शक्ति और स्वास्थ्य का प्रतीक है।

**पांचवां रूप:** पांचवें दिन देवी स्कंदमाता की पूजा की जाती है। वह ज्ञान का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**छटा रूप:** देवी कात्यायनी परम तेजस्वी देवी हैं। वह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का प्रतीक हैं।

**सातवां रूप:** देवी कालरात्रि अज्ञानता और अंधकार का नाश करने वाली हैं।

**आठवां रूप:** चंद्रमा जैसे रंग वाली देवी महागौरी शांति और करुणा का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**नवां रूप:** देवी सिद्धिदात्री विश्वास और कृतज्ञता का प्रतीक है।यह भक्तों को 26 अलग-अलग मनोकामनाएँ प्रदान करती हैं।

**आर्टिकल, डॉ. मोनिका रघुवंशी , बीकानेर, राजस्थान**

# समलैंगिक विवाह पर आया अदालती फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं और भारतीयता की जीत है

**नीरज कुमार दुबे**

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार कर उच्चतम न्यायालय ने वाकई ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। देखा जाये तो अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं और भारतीयता की जीत है। अदालत का फैसला भारतीय जन भावनाओं की पुष्टि भी करता है साथ ही एक सख्त संदेश उन विदेशी ताकतों को भी देता है जोकि भारत का सामाजिक चरित्र बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। यही नहीं, हमारे धार्मिक, सामाजिक और नागरिक संगठन भी सराहना के पात्र हैं क्योंकि इन सभी ने संयुक्त रूप से भारतीय वैवाहिक और सामाजिक व्यवस्था को बचाने के लिए न्यायिक लड़ाई लड़ी और उसमें विजयी रहे।

जहां तक उच्चतम न्यायालय के फैसले की बात है तो आपको बता दें कि पांच न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला देते हुए समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार कर दिया। न्यायालय ने यह भी कहा कि इस बारे में कानून बनाने का काम संसद का है। हम आपको बता दें कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने संबंधी 21 याचिकाओं पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई की थी। फैसला



सुनाते समय प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायालय कानून नहीं बना सकता, बल्कि उनकी केवल व्याख्या कर सकता है और विशेष विवाह अधिनियम में बदलाव करना संसद का काम है। हम आपको यह भी बता दें कि सुनवाई के समय जहां एक ओर अदालत में समलैंगिक विवाह के पक्ष और विपक्ष में तमाम तरह की दलीलें दी जा रही थीं उसी समय देश के चौक-चौराहों, चौपालों और घर-घर में भी इस मुद्दे पर चर्चा हो रही थी। चूंकि आम भारतीय की नजर में समलैंगिकता को एक विकार माना जाता है इसलिए तर्क दिया जा रहा था कि यदि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता मिलेगी तो समाज गलत दिशा में जायेगा। यह भी कहा जा रहा था कि समलैंगिक माता-पिता बच्चों की अच्छी परवरिश नहीं कर पाएंगे। हम आपको यह भी बता दें कि मामले में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा था कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं शहरी संभ्रांतवादी विचारों को प्रतिबिंबित करती हैं और विवाह को मान्यता देना अनिवार्य रूप से एक विधायी कार्य है, जिस पर अदालतों को फैसला करने से बचना चाहिए। सरकार के ही पक्ष का बार काउन्सिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने भी समर्थन किया था। बार काउन्सिल ने उच्चतम न्यायालय में समलैंगिक विवाह मुद्दे की सुनवाई किये जाने पर चिंता जताते हुए कहा था कि इस तरह के संवेदनशील विषय पर शीर्ष न्यायालय का फैसला भविष्य की पीढ़ियों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है इसलिए इसे विधायिका के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए।

हालांकि बार काउन्सिल के बयान का तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने विरोध किया था। यही नहीं, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी तो समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में पहले से ही खड़े थे। लेकिन ढेरों राजनीतिक पार्टियां, सामाजिक और धार्मिक संगठन आदि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के खिलाफ डटे हुए थे और अब उच्चतम न्यायालय का फैसला सामने आने के बाद सभी उसका हृदय से स्वागत कर रहे हैं। वैसे जो लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में खड़े थे या अब भी खड़े हैं उन्हें समझना चाहिए कि हिंदू धर्म में शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं है। विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, उनका उचित पोषण करने, वंश परंपरा को आगे बढ़ाने और अपनी संतति को समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। इसके अलावा, यदि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल जाती तो कल को यह भी हो सकता था कि समलैंगिक संबंध वाले अपने आप को लैंगिक अल्पसंख्यक घोषित कर अपने लिए आरक्षण की मांग कर देते।

# जहूराबाद की खस्ताहाल सड़क का वीरेन्द्र सिंह मस्त ने किया शिलान्यास

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जहुराबाद विधानसभा की बहुचर्चित सड़क अलावलपुर बरेसर तिराहीपुर मार्ग का शिलान्यास बलिया लोकसभा के लोकप्रिय सांसद माननीय वीरेंद्र सिंह मस्त के द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेज गाजीपुर के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर डॉ. सानंद सिंह, डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम, ढोटारी, बाराचवर, गाजीपुर के प्राचार्य डॉ विजेंद्र कुमार सिंह एवम निदेशक प्रमोद सिंह ने क्षेत्रीय जनता की तरफ से माननीय सांसद जी को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। डॉ. सानंद सिंह ने बताया कि यह सड़क इस क्षेत्र के विकास की अति महत्वपूर्ण कड़ी है। यह सड़क इस क्षेत्र की जीवन रेखा है जो एक तरफ गाजीपुर को बलिया से जोड़ती है और दूसरी तरफ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तथा




ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी का काम करेगी। इस सड़क के निर्माण में बाराचवर ब्लॉक के प्रमुख आदरणीय बृजेंद्र सिंह का भी सराहनीय योगदान रहा है। डॉ. सानंद सिंह ने बताया कि यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि जहुराबाद विधानसभा में आजादी के बाद पहली बार इतना विकास कार्य हुआ है और गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछा है। इसके लिए माननीय सांसद को क्षेत्रीय जनता की तरफ से बहुत बहुत धन्यवाद एवम आभार। डॉ. विजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम में माननीय सांसद जी के सुपुत्र विपुलेंद्र प्रताप सिंह से भी क्षेत्र के विकास के बारे में चर्चा हुई उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर सड़कों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराना है जिससे आम जनता को आवागमन की सुविधा मिल सके।

## डीएम व एसपी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में नव आवंटित संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय का फीता काटकर किया गया उद्घाटन



प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में नव आवंटित संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय का फीताकाटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कम समय में ही कार्यालय के साज सज्जा व सौन्दर्यीकरण की जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशंसा की गई तथा अपने मात्र डेढ़ माह के कार्यकाल में ही अभियोजन कार्य के सतत पर्यवेक्षण से जनपद में सजा के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी कराने तथा वर्तमान में शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत महिलाओं के विरूद्ध घटित अपराधों में भी अधिकाधिक मामलों में सजा कराये जाने के प्रति संयुक्त निदेशक अभियोजन दयानन्द पटेल के कार्य प्रणाली की भी प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक अभियोजन दयानन्द पटेल, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह, अभियोजन अधिकारी, राजेन्द्र वरुण, सहायक अभियोजन अधिकारी, सहित संदीप कुमार चौबे व जय सिंह यादव, वरिष्ठ सहायक श्याम सिंह यादव, प्रशासनिक अधिकारी योगेश चौधरी तथा अभियोजन कार्यालय व कलेक्ट्रेट के विभिन्न कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शातिर गो-तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। थाना चुनार पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप पर कुछ राशि गोवंशो को क्रूरता पूर्वक लादकर वध हेतु ले जाया जा रहा है । उक्त सूचना पर थाना चुनार पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग की जाने लगी कि इस दौरान एक पिकअप तेज रफ्तार में आती हुई दिखायी दी। पिकअप चालक द्वारा पुलिस की सघन चेकिंग को देख कुछ दूरी पहले ही वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया गया । जनपद नियंत्रण कक्ष द्वारा उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना को जरिए आरटी सेट प्रसारित किया गया। जिसपर सम्बन्धित थानों द्वारा



घेराबन्दी की गयी । इस दौरान गो-तस्करों द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायर कर जंगल की ओर भागने का प्रयास किया गया । पुलिस टीम द्वारा अपने को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गयी, जिससे एक गो-तस्कर के दाहिने पैर में गोली लगी जबकि एक गो-तस्कर जंगल एवं पथरीली भौगोलिक बनावट का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। थाना चुनार, राजगढ़ एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में पिकअप वाहन चालक अल्ताफ उर्फ सोनू पुत्र मुम्ताज अंसारी निवासी शिवरामपुर थाना चाँद जिला भभुआ बिहार घायल/गिरफ्तार किया गया।

## विद्युत विभाग का अजब गजब कारनामा, खेत बोरिंग और मोटर किसी और का मुकदमा दर्ज कर दिया एक गरीब के ऊपर

प्रखर संतकबीरनगर। विद्युत विभाग अकसर अपने कारनामे को ले कर सुर्खियों में रहता हैं। कभी बिल ज्यादा भेजना तो कभी आरसी किसी के नाम से वसूली किसी और व्यक्ति से बैगर बैगर कारनामों से। इनके द्वारा किए गए कारनामों की लिस्ट बहुत लम्बी हैं। अगर लिखा जय तो लेखनी काम पड़ जायेगी। ऐसा ही एक मामला संतकबीरनगर जिले के 33/11 विद्युत उपकेंद्र मोखलिसपुर से जुड़ा हैं । इस 33/11 उप केंद्र के अंतर्गत आने वाला गांव अलीनगर बिरहुआ का हैं ।जहा के बिंद्रा प्रसाद पुत्र स्व राम बाली यादव ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई हैं । बिंद्रा प्रसाद का आरोप हैं की मैं एक गरीब आदमी हु।गांव के कुछ लोगो से हमारी पुरानी रंजिश हैं। गांव के कुछ लोग अपने खेत में अवैध रूप से बिजली का तार जोड़ कर मोटर लगा कर पानी से सिंचाई कर रहे थे । विद्युत विभाग के द्वारा पकड़े जाने पर रंजिश वस अपना नाम ना बता कर मेरा नाम बता दिया। विद्युत विभाग के



जिम्मेदार अधिकारि ने बिना कुछ जाने समझे मेरे ऊपर मुकदमा दर्ज कर दिया । और हमारे घर नोटिस भेज दिया गया। नोटिस में साफ तौर से मेरे नाम से 1653/23 धारा 135 विद्युत अधिनियम के तहत बिजली चोरी का मुकदमा दिनांक 14(10/2023 को थाना विधुत में पंजीकृत कर दिया । जबकि हमारे पास न तो मोटर हैं और न ही कोई बोरिंग हैं और ना ही मेरे खेत में पानी चल रहा था। मेरी मांग हैं की पूरे प्रकरण की जॉच करा कर दोषियों के ऊपर कानूनी कार्यवाही की जाए। तथा हमे बक्शा जाए। वही इस पूरे प्रकरण पर 33/11 विद्युत उप केंद्र के एसडीओ ने बताया कि हमारे विभाग को ये थोड़ी पता हैं की यह खेत किसका हैं और किसके द्वारा विद्युत चोरी की जा रही हैं ग्रामीणों ने जो भी हमें बताया उसके हिसाब से कार्रवाई की गई है। इस प्रकरण की विवेचना करने के बाद जो भी तथ्य सामने आएगा निकालकर। जो भी इसमें दोषी होंगे उनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न जाने किस भेस में नारायण मिल जाए सैकड़ो राहगीर गुजर गए लेकिन दम घुट कर मरते हुए को कोई मदद के लिए आगे ना आया

प्रखर गोरखपुर। मामला गोरखपुर के कचहरी चौराहे की है जहां शाम के करीब 9:00 बजे के आसपास सड़क पर एक व्यक्ति रोड पार करते हुए ठिठक गिर पड़ा। वह तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि सड़क के ठीक बीचो बीच गिर पड़ा है। लेकिन वहां से दर्जनों गाड़ियां सैकड़ो लोग गुजर गए किसी ने जहमत नहीं उठाई की आखिरकार एक व्यक्ति ऐसा क्यों पड़ा हुआ है। तभी ईश्वर के रूप में पुलिस की गाड़ी वहां पर पहुंची। बताया जाता है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने कार्यालय किसी कार्य से मिलने के लिए सीओ खजनी अंजनी कुमार पांडे को बुलाया था और वह वहीं जा रहे थे तभी उनकी नजर उसे गिरे हुए व्यक्ति पर पड़ी। चाहते तो गाड़ी आगे बढ़कर निकाल सकते थे जैसा कि सभी लोग जा रहे थे की कोई व्यक्ति शायद दारू पीकर यूं ही पड़ा होगा। लेकिन नजदीक जाकर देखकर पता व्यक्ति की सांस रूक चुकी थी आंखें




खुल गई थी और हाथ पैर ठंडे हो चुके थे शायद हार्ट अटैक आया था। गंभीरता को देखते हुए तुरंत ही उसको पीठ के बल लेटा और खुद द्वारा अपने हमराही की मदद से उसको सीपीआर देना शुरू किया। इस प्रकार एक व्यक्ति को बीच सड़क पर सीपीआर देते हुए देखकर अन्य भी कुछ लोग रुक गए। थोड़ी देर तक सीना दबाते रहने से एक बार बीच में थोड़ी सी जान लौटी और हरकत हुई पुनः सीपीआर देते रहने से एक जोर की सांस और तड़प के साथ व्यक्ति होश में आकर बैठ गया। पास खड़े सभी लोगों में खुशियों का संचार हो गया और जैसे-जैसे व्यक्ति में चेतना आने लगी खुद ही अपने जान बचाने वाले को हाथ जोड़कर धन्यवाद देने लगा। सोचिए अगर अगले 5 या 10 मिनट यूं ही पड़ा रहता और कोई मदद ना करता तो वह निश्चित ही मर जाता लेकिन जो कार्य करने में लोगों को हिचक होती है शायद उससे किसी की जान भी बच सकती है।

## शिव धनुष टुटते ही सियावर रामचंद्र की जय से गूंज उठा पांडाल

प्रखर अहरौरा, मीरजापुर। चौक बाजार में स्थित शंकर जी के मंदिर पर चल रहे श्री बाल रामलीला में धनुष यज्ञ और परशुराम लक्ष्मण संवाद का प्रभावी मंचन किया गया। राजा जनक ने पुत्री सीता का भव्य स्वयंवर आयोजित किया। तमाम राजकुमारों ने स्वयंवर में आकर सीता से विवाह करने के लिए धनुष तोड़ने का प्रयास किया। कोई शिवजी के भारी भरकम धनुष को हिला भी नहीं सका। इतने में जनक ही द्रवित हो उठे और कहने लगे कि लगा रहा है पृथ्वी वीरों से खाली हो गया है। यह बात सुनकर लक्ष्मण जी क्रोधित हो जाते है और पल भर में प्रभु श्री राम द्वारा धनुष को तोड़ने की बात कहते हैं।विश्वामित्र से आज्ञा लेकर प्रभु श्री राम धनुष पर प्रत्यंचा खींचते और धनुष खंडित हो जाता हैं। इसके बाद प्रभु श्री राम को माता सीता वरमाला पहनाती है। लीला देख रहे भक्त जनों द्वारा पुष्प वर्षा की जाती है। सियावर रामचंद्र की जय के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठता है।

## पुलिस गिरफ्त से भागे रेप का आरोपी मुठभेड में गिरफ्तार, कब्जे से 1 सरकारी पिस्टल बरामद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जमानिया के निकट पर्यवेक्षण में थाना गहमर क्षेत्रान्तर्गत गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक गहमर को जरिए दूरभाष सूचना मिली कि, थाना हाजा पर पंजीकृत धारा 376एबी आईपीसी व 5एम/6 पाक्सो एक्ट से सम्बंधित पुलिस अभिरक्षा में मौजूद अभियुक्त कृष्णा दुबे पुत्र उमेश दुबे निवासी ग्राम गहमर पट्टी मैगरराय थानां गहमर गाजीपुर की पेट दर्द से तबियत खराब होनें की सूचना पर थाना के द्वितीय मोबाइल से पुलिस फोर्स द्वारा इलाज हेतु भदौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय रास्ते में भदौरा रेलवे क्रासिंग बन्द होने पर मौके का लाभ उठाकर अभियुक्त द्वारा सिपाही की सरकारी पिस्टल छीन सरकारी वाहन से उतरकर भागनें का प्रयास किया गया, पुलिस बल द्वारा पकड़नें की कोशिश पर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारनें की नीयत से पुलिस वालों को लक्ष्य बनाकर दो बार फायरिंग की गयी, इसी घटना के क्रम में क्रासिंग से आगे प्रभारी निरीक्षक द्वारा सिखलाये गये तरीके से खुद को बचते बचाते व घेराबंदी



करते हुए आत्मसुरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गयी जिसमें अभियुक्त को पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया, जिसे पुनः पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया। उपरोक्त घटना के क्रम में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मुठभेड़ कर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गहमर मय टीम शामिल रहे।

# दो शिक्षकों का रोका वेतन, दो से मांगा स्पष्टीकरण

## बीएसए की रेंडम चेकिंग से हड़कंप, स्कूल से नदारत मिले कई शिक्षक, शाहगंज, करंजाकला ब्लॉक के चार विद्यालयों में मिली थी शिकायतें

प्रखर जौनपुर। बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने बुधवार को शाहगंज ब्लाक के चार विद्यालयों में रेंडम चेकिंग की।

इस दौरान अनुपस्थित मिले चार शिक्षकों में दो का वेतन रोक दिया गया है। जबकि दो अन्य को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। शासन के विशेष निर्देश पर स्कूलों में चल रही है यह रेंडम चेकिंग। शाहगंज विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय कयार में पूर्वान्ह आठः 55 बजे पहुंचे तो सहायक अध्यापक लालमणि निरीक्षण के दौरान 9, 10 बजे उपस्थित हुए। विद्यालय विलम्ब से उपस्थित होने के कारण लालमणि को स्पष्टीकरण निर्गत किया गया। सहायक अध्यापक पवन कुमार भाष्कर बीते 17 अक्टूबर से निरीक्षण तिथि तक विद्यालय में अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये। इस संबंध में पूछने पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि पत्नी की स्वास्थ्य समस्या के कारण पवन कुमार विद्यालय पर नहीं आये हुए हैं। जिसके कारण बीएसए डा गोरखनाथ पटेल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित अध्यापक को कारण बताओ नोटिस निर्गत की ।

विद्यालय पर कार्यरत शेष अन्य समस्त अध्यापक उपस्थित पाये गये। यहाँ नामांकित 503 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 316 छात्र उपस्थित पाये गये। मध्यान्ह भोजन तहरी बनी हुयी पायी गयी। विद्यालय में अध्यापकों द्वारा विगत शैक्षिक सत्र 2022-23 में विद्यालय द्वारा 549 छात्रों के सापेक्ष 504 छात्रों की डी0बी0टी0 की गयी प्राप्त हुयी। विद्यालय में शिक्षकों द्वारा विज्ञान किट/गणित किट व खेलकूद की सामाग्री विद्यालय में प्रयोग की जा रही। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शौचालय एवं विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई नियमित रूप से कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय मवई में सुबह 10 बजे जांच किया गया। सुश्री आरती श्रीवास्तव शिक्षामित्र आकस्मिक अवकाश पर पायी गयी। विद्यालय पर कार्यरत शेष अन्य समस्त अध्यापक विद्यालय में उपस्थित पाये गये। सहायक अध्यापक ललित मोहन द्वारा अध्यापकोचित आचरण न करने,



इनके आचरण से बच्चो पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने के कारण छात्रहित/जनहित में बीएसए डा गोरखनाथ पटेल द्वारा उनसे अग्रिम आदेश तक वेतन अवरूद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। विद्यालय में नामांकित 210 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 150छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय में 236 छात्रों के सापेक्ष 218 छात्र रहे। विद्यालय का शौचालय गंदा पाये जाने के कारण बीएसए द्वारा मौके पर ही जिला पंचायत राज अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर शौचालय की साफ सफाई कराये जाने हेतु अनुरोध किया तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई व छात्र अधिगम मे वृद्धि कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। करंजाकला ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भदेठी में पूर्वान्ह 9:25 बजे निरीक्षण किया गया। जिसमें सहायक अध्यापक सुश्री पूजा यादव 14 अक्टूबर से अभी तक अनुपस्थित पायी गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि शिक्षिका द्वारा चिकित्सकीय अवकाश लिया गया है।

**बीएसए ने बच्चों का पढ़ाया अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान**- खेतासराय। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने बुधवार को शाहगंज ब्लॉक के चार चिन्हित विद्यालयों में रेंडम चेकिंग की। कंपोजिट विद्यालय गोधना में बीएसए डॉ पटेल 11,30 बजे अचानक पहुंचे तो प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव, सहायक अध्यापक सुभाष चंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, डॉ चंद्रजीत मौर्य बच्चों को उनके क्लास में पठन-पाठन कर रहे थे।

रसोईया मीनू के अनुसार तहरी और सोयाबीन युक्त सब्जी बना रही थी। महकमें के बड़े अफसर को देखते ही अचानक पूरे स्टाफ में हड़कंप मच गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने कक्षा 7 की छात्रा आकांक्षा राजभर से भिन्न का सवाल हल करने को कहा। जिस पर छात्रा ने बड़े ही सलीके के साथ सवाल हल कर उसका जवाब दिया और सामान्य ज्ञान के बारे में पूछने पर उसे भी बताया। छात्रा आकांक्षा की इस प्रतिभा पर बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल प्रसन्न हुए उन्होंने छात्रा को पुरस्कृत करते हुए उसका हौसला बढ़ाया। विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापक उपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित 242 छात्रों के सापेक्ष 162 छात्र उपस्थित मिले। बीते शैक्षिक सत्र 2022-23 में प्राप्त कम्पोजिट धनराशि 50 हजार के सापेक्ष पी0पी0ए0 कुल धनराशि व्यय की गयी प्राप्त हुई। शिक्षकों द्वारा विज्ञान किट/गणित किट व खेलकूद की सामग्री विद्यालय में प्रयोग करते हुए मिली। कक्षा में अध्ययनरत छात्रों से एल0सी0एम0 से सम्बंधित प्रश्न किये जाने पर कक्षा में उपस्थित 14 छात्रों में सिर्फ दो छात्रों द्वारा ही प्रश्न का सही उत्तर देने पर और सुधार करने का सत्य निर्देश दिया। मिड डे मील की गुणवत्ता पर प्रधानाध्यापक और रसोईया को शाबाशी दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव को विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई व छात्र अधिगम मे वृद्धि कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये। इस मौके पर सुभाष चंद्र यादव, डॉ चंद्रजीत मौर्य, देवेंद्र सिंह, राजीव पाठक, विनोद यादव, अजय यादव, स्वतंत्र यादव ,सीमा यादव, शैल यादव , अरविंद कुमार , सफाई कर्मी रविंद्र कुमार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 27वी अंतर्जनपदीय रैली में खोखो पर गाजीपुर चन्दौली व दौड़ पर मऊ, वाराणसी गाजीपुर का कब्जा




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को पुलिस लाइन गाजीपुर में वाराणसी जोन की 27वी अंतर जनपदीय एथलेटिक्स, खो खो तथा साइकिलिंग खेल कूद प्रतियोगिता 2023 का समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभिन्न खेलों में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का विवरण इस प्रकार है। खो- खो पुरुष, प्रथम स्थान चंदौली तथा द्वितीय जौनपुर, खो खो महिला- प्रथम स्थान गाजीपुर द्वितीय स्थान भदोही, मैराथन दौड़ पुरुष 42 किलोमीटर में,प्रथम स्थान चंद्रहास जनपद मऊ तथा द्वितीय स्थान चंदन सिंह जनपद आजमगढ़, रीले दौड़ महिला 4 =400 मी प्रथम स्थान गाजीपुर तथा द्वितीय स्थान आजमगढ़ , 5000 मीटर दौड़ पुरुष प्रथम स्थान-ओमप्रकाश जनपद गाजीपुर तथा द्वितीय स्थान -रोहित कुमार गौड़ जनपद भदोही, 5000 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान उर्मिला जनपद वाराणसी तथा द्वितीय स्थान स्नेहा गुप्ता जनपद आजमगढ़,लंबी कूद पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान गाजीपुर तथा द्वितीय स्थान बलिया, लंबी कूद महिला वर्ग में प्रथम स्थान गाजीपुर द्वितीय स्थान बलिया, ऊंची कूद पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान बलिया द्वितीय स्थान चंदौली, ऊंची कूद महिला वर्ग में प्रथम स्थान गाजीपुर द्वितीय स्थान वाराणसी, जैवलिन थ्रो पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान जौनपुर द्वितीय स्थान चंदौली, जैवलिन थ्रो महिला वर्ग में प्रथम स्थान जौनपुर द्वितीय स्थान वाराणसी।स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ शाखा वाराणसी की आमसभा का आयोजन




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ शाखा वाराणसी की आमसभा बद्री प्रसाद जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में 18 अक्टूबर बुधवार को श्री शिवप्रसाद गुप्त मण्डलीय जिला चिकित्सालय वाराणसी के सेमिनार कक्ष में किया गया आयोजन सभा का संचालन विनोद कुमार त्रिपाठी जिलामंत्री ने की। मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष महामंत्री चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ, उ०प्र० राज्य कर्मचारी महासंघ विभिन्न जनपदों का व्यापक दौरा करने के बाद वाराणसी आगमन पर विनोद कुमार त्रिपाठी जिला मंत्री एवं श्री बद्री प्रसाद अध्यक्ष ने अंगवस्त्रम भेंटकर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। अशोक कुमार सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन लागू करने की मांगो को लेकर सुभाष लाम्बा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी महासंघ के निर्देश पर 3 नवम्बर 2023 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रव्यापी प्रर्दशन को सफल करने हेतु समस्त राज्य तथा केन्द्र कर्मचारी संगठन एवं श्रमिक संगठनों द्वारा व्यापक दौरा कर रैली को सफल बनाने में जुटे हुए है। विनोद कुमार कन्नौजिया प्रान्तीय अध्यक्ष फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विस एशोसियेशन ने यह कहा कि नई अंशदायी पेंशन व्यवस्था कर्मचारी विरोधी है जिससे कर्मचारियों का भविष्य अन्धकारमय होने की सम्भावनाओं से इन्कार नही किया जा सकता` भारत सरकार को आगाह किया कि सरकार केन्द्र के चुनाव के पहले इसे गम्भीरता से नही लेती तो राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्र व प्रदेश कर्मचारी आन्दोलन के लिए बाध्य होगा।

### सविलियन विद्यालय बरईपुर में नवरात्रि उत्सव का आयोजन



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। जमालपुर विकास खंड के संविलयन विद्यालय बरईपुर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर "नवरात्रि उत्सव, नव दुर्गा - नव रुप"समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नवीन परिकल्पना को मूर्त रूप देते हुए विद्यालय के एक बड़े मैदान को घड़ों/कलशों और दियों की रंगोली से सजाया गया था। जिसके मध्य में विराजित मां सरस्वती की प्रतिमा पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉ०अरुण कुमार सिंह ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दूसरी तरफ पंडाल/मंडप सजे हुए थे। कहीं मेवे से तो कहीं केले और अशोक के पत्तों से तो कहीं सूप और कुश घास से बने भव्य पंडाल और उन मंडपों में मां दुर्गा अपने वाहन पर सवार होकर महिषासुर मर्दिनी रुप में विराजित थीं। धूप-दीप से उठते धुएं से संपूर्ण वातावरण अलौकिक सम्मोहन में बंधा प्रतीत हो रहा था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आरंभ में छोटी - छोटी छात्राओं ने देवी स्तुति "ऐ गिरि नंदिनी नंदित मेदिनी"पर नृत्य प्रस्तुत कर सबको सम्मोहित कर दिया। तत्पश्चात कक्षा सात के छात्र आशीष ने उच्च स्वर में संस्कृत में मां विंध्यवासिनी स्तोत्र का पाठ किया। कार्यक्रम की श्रृंखला की अगली कड़ी में छात्राओं ने बांग्ला भाषा के गीत "एलो एलो एलो एलो मां दुर्गा मां"पर नृत्य प्रस्तुत कर के मां दुर्गा के आगमन का आनंद मनाया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति के रूप में छात्र - छात्राओं ने गुजरात का डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर के पूरे वातावरण को अनूठे ही रंग में रंग दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम देवी, रीना राय, सोनल शर्मा, सीमा पाण्डेय, अराधना चौबे, शीला देवी, सुष्मिता राय, सरिता राय,शिप्रा, संजू, बबिता, शिवनारायण, अमलेश का विशेष सहयोग रहा। एक अलग ही अंदाज में बना हुआ सेल्फी प्वाइंट सबके आकर्षण का केंद्र रहा इस अवसर पर एसआरजी सरिता तिवारी, ग्राम प्रधान, ए आर पी के , न्यायपंचायत अध्यापक उपस्थित रहे।

# जलवायु परिवर्तन से खतरे में कोख

खरी खरी

■ मनीषा

यूएन पॉपुलेशन फंड और लंदन के क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार जलवायु संकट का बुरा असर प्रजनन व यौन सेहत पर पड़ रहा है। हैरत की बात तो यह है कि दुनिया के तमाम देशों में इसकी चर्चा तक नहीं हो रही। विशेषकर औरतों व लड़कियों पर पड़ने वाले जलवायु संकट के असर को समझा नहीं जा रहा। जिसका खामियाजा आने वाली नस्लों को चुकाना पड़ सकता है। यह कोई मामूली समस्या नहीं है। इतना ही नहीं, बढता हुआ तापमान गड़बड़ाती मानसिक सेहत के लिए भी दोषी बताया जा रहा है। विज्ञान की तमाम तरक्की के बावजूद गर्भावस्था के दौरान दिक्कतें बढती जा रही हैं। मृत शिशु जन्म, समय से पूर्व प्रसव आदि समस्याएं भी अब इसी से जुड़ी बतायी जा रही हैं। वे इसके लिए लैंगिक हिंसा व बाल विवाह को भी कम दोषी नहीं मानते। जिसमें परिवार तनावग्रस्त हो जाते हैं और मां-बाप अंततः बेटी की मदद नहीं कर पाते। बढते आंधी-तूफान, बाढ-सूखा जैसी प्राकृतिक समस्याओं का असर पड़ता तो पूरे परिवार पर है परंतु औरतें इससे अधिक प्रभावित होती हैं। चूंकि जलवायु संकट को लेकर नीतियां लैंगिक भेदों से भरी हुई हैं इसलिए औरतों को लगातार इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है। वियतनाम को अकेला देश बताया जा रहा है, जो मानता है कि खाने के बोझ से बचने के लिए परिवार बेटियों को कम उम्र में ही ब्याह देते हैं। जैसे कि बांग्लादेश में देखने में आया कि भीषण गर्मियां पड़ते ही बच्चियों को 11 से 14 की उम्र के दरम्यान ब्याह दिया जाता है।

उनका मानना है कि जलवायु संबंधी सुधारों की बात आते ही, उसमें औरतों के बारे में विशेष तवज्जो दी जाए। मैं समझती हूं अपने यहां औरतों पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर की तो अभी कोई बात ही नहीं हो रही। जलवायु परिर्वतन को लेकर सबसे बड़ी अदालत कई बार चिन्ता जाहिर कर चुकी है। परंतु भीतरखाने इस पर कोई खास काम नहीं हो रहा। उस पर औरतों को लेकर तो यह सोचा भी नहीं जा रहा कि यह आने वाली पीढियों को तबाह करने वाला साबित हो सकता है। कुतर्की कह सकते हैं कि वक्त-वक्त में होने वाले सम्मेलनों व दीवारों पर चस्पां पोस्टरों के मार्फत अपने यहां पर्यावरण की फिक्र की जा रही है। मृत शिशु जन्म के मसले में हम अभी भी दुनिया में पहली पायदान पर हैं। अमूमन ऐसे प्रसूताएं कमजोर आय वर्ग से आती हैं। मगर जलवायु परिवर्तन का असर यूं ही बढता रहा तो आने वाले वक्त में किस तरह नवयुवतियों को इससे बचाया जा सकेगा। प्रति हजार गर्भ अभी भी 28 गर्भपात हो रहे हैं। इसके कारणों में चिकित्सकीय दिक्कतें तो हैं हीं, अन्य अनजान कारणों में हो सकता है पर्यावरण संबंधी गड़बड़ियां अधिक हों। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 3.9 से 16% के दरम्यान दंपति बच्चे पैदा करने में अक्षम हैं।

यूं तो संतानहीनता दुनिया भर के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। 8 से 10% दंपति इससे दुनिया भर में जूझ रहे हैं। अकेले भारत में डेढ से दो करोड़ दंपति बच्चे पैदा करने में अक्षम बताये जा रहे हैं। जिनकी संख्या में दिनों दिन इजाफा हो रहा है। इसके तमाम अन्य कारणों में जलवायु परिवर्तन भी शामिल हो सकता है। जिसका इलाज खुद औरतें या उनके पति नहीं करवा सकते। इसके लिए भरपूर जागरूकता, सामूहिक प्रयास और सख्त नियमों की जरूरत है। जन्म के समय होने वाली विकलांगता, अविकसित भ्रूण व कमजोर नवजात भी इसकी देन हैं। यह विकराल समस्या है। जैसा कि इस ताजा अध्ययन के दरम्यान पाया गया कि प्रजनन संबंधी समस्याओं के मूल में खराब होता जलवायु भी शामिल है। नपुंसकता के मुख्य कारणों में वातावरण का खराब होना भी शामिल है। विशेषज्ञ लगातार कह रहे हैं कि बढते तनाव, काम का बोझ और समय की कमी के अलावा शुक्राणुओं की गुणवत्ता को प्रभावित करने में जलवायु भी दोषी है। दुनिया भर में हर दस पुरुष में चार कमजोर या कम शुक्राणुओं के शिकार बताये जा रहे हैं। जाहिर है, इसका असर आने वाली नयी पौध पर पड़ेगा। जलवायु सुधारों को लेकर जल्द से जल्द चेतना समूची दुनिया के लिए जरूरी है। प्रजनन व शिशु जन्म को लेकर समूची दुनिया को एक होना होगा। यह वैश्विक समस्या है, जिसका खामियाजा हर किसी को कभी ना कभी चुकाना पड़ेगा। हम इसकी विकरालता को समझें। जलवायु को दोषी ठहरा कर हम हाथ नहीं झाड़ सकते। यहां बात केवल औरतों की नहीं है, बल्कि यूं कहें कि औरतों के मार्फत आने वाली पीढियों की भी है। जिन्हें बचाने के लिए विशेष सतर्कता की जरूरत है। ■



**जलवायु परिवर्तन का असर यूं ही बढता रहा तो आने वाले वक्त में किस तरह नवयुवतियों को इससे बचाया जा सकेगा। प्रति हजार गर्भ अभी भी 28 गर्भपात हो रहे हैं। इसके कारणों में चिकित्सकीय दिक्कतें तो हैं हीं, अन्य अनजान कारणों में हो सकता है पर्यावरण संबंधी गड़बड़ियां अधिक हों**

# नवरात्रि पर स्त्री शक्ति को प्रणाम



यही है जिंदगी

■ क्षमा शर्मा

**पितृपक्ष** या श्राद्ध खत्म होने के बाद नवरात्रि का आना कुछ इस तरह ही लगता है कि लम्बे शोक के बाद जीवन में कुछ उत्साह का संचार हुआ हो। राग-रंग का अवसर आया हो। तभी तो इस दौरान बाजार गुलजार हो जते है। हर ओर फूल मालाओं, चुन्नियों, धूप अगरबत्ती, नारियल, मिट्टी के बर्तनों की धूम मची रहती है। बाकी महंगे सामान से बाजार भर जाते है। इस पर्व पर नौ दिन जैसे स्त्रियों और लड़कियों का उत्सव होता है। एक तरह से लड़कियों को महत्व देने का अवसर भी है। सप्तमी, अष्टमी, नवमी के दिन हर परिवार चाहता है कि लड़कियां पहले उनके यहां पधारें। मनपंसद पकवान, मिष्ठान्न खाएं, आशीष दें। आने पर बहुत से घरों में उनके पांव पखारे जाते है। महावर और बिंदी लगाई जाती है। पीली मिट्टी से बनी गौरी को पूजने का रिवाज है। बच्चियों को नए कपड़े, पैसे उपहार भी दिए जाते है। जैसे जिस घर की आर्थिक हालत वैसे ही उपहार भी। दरअसल तो देवी के नाम का नौ दिन चलने वाला यह त्योहार स्त्रियों की शक्ति को उजागर करने वाला त्योहार भी है कि अगर उन्हें सताया जाएगा, तो वे बड़े से बड़े दानव से भी लोहा लेने से नही चूकेंगी।



देखा जाए तो स्त्री के इस रूप से हमारी बहुत सी कन्याओं ने क्या नहीं सीखा है। आज जीवन के हर पक्ष में उनकी उपस्थित यही बताती है कि चाहे सेना हो, चाहे विज्ञान हो, व्यापार हो, स्टॉक मार्केट हो, हर तरह के दफ्तर हों, एवरेस्ट, राजनीति, मनोरंजन और मीडिया हो, दुनिया की तमाम ऊंची चोटियों को फतह करना हो, वे हर क्षेत्र को जीतने और कामयाब होने की ताकत रखती है। दरअसल तो यह उन्हीं की सफलता का सेलिब्रेशन है। कौन सा ऐसा क्षेत्र है, जहां स्त्रियां अपनी दस्तक नही दे रही है और कामयाबी के झंडे बुलंद नहीं कर रही है। आजकल की असली देवियां यही है। इन्हीं की ताकत है कि देश ने मंदी की मार को भी आसानी से झेल लिया था। हमारे यहां स्त्री की इस ताकत को आसानी से पहचान लिया गया है। उन्हें मीडिया का भी साथ मिला है। मीडिया के वैसा कोई बैकलैश उन्हें नही झेलना पड़ा जैसा कि बहुत से विकसित देशों तक में होता आया है।

**नवरात्रि तो वह पर्व ही है, जो बार-बार बताता है कि स्त्रियों को उनका उचित सम्मान मिले। वे भी इस देश की नागरिक हैं और किसी से कम नहीं हैं। ये विचार सिर्फमहानगरों में ही नहीं छोटे कसबों और गांवों तक जा पहुंचा है।**

जो कुछ मसले बचे है, जहां औरतें अभी भी एक कदम पीछे है, वहां भी वे वक्त के साथ आगे बढ़ जाएंगी। यों ही नही है कि सारे दल स्त्रियों की इस शक्ति को पहचानने लगे है। वे बढ़-चढ़कर अपने भाषणों, चुनाव घोषणा पत्रों में इस ताकत का बखान करने लगे है। यह स्त्रियों की बढ़ती उपस्थिति ही है कि आज उनके होने से कोई इनकार नही कर सकता। नवरात्रि तो वह पर्व ही है, जो बार-बार बताता है कि स्त्रियों को उनका उचित सम्मान मिले। वे भी इस देश की नागरिक है और किसी से कम नहीं है। ये विचार सिर्फ महानगरों में ही नहीं छोटे कसबों और गांवों तक जा पहुंचा है। बाजार में दिखती स्त्री यही बता रही है कि उसके पास भी आर्थिक ताकत है। वह भी अपनी हिम्मत से समाज को बदलने की कुव्वत रखती है। संसार में कोई ऐसा नहीं जो उसकी इस महाशक्ति से इनकार कर सके। देवी की शक्ति आज हर स्त्री में समा गई है और वे इसे पहचान भी रही है। इसी हिसाब से कदमताल कर रही है। शिक्षा और लोकतंत्र ने उनके लिए अवसरों और सफलता के द्वार खोल दिए है। जहां उनकी लगातार की दौड़ और सफलता जारी है। ऐसा अनायास ही नही हुआ है। इसमें सदियों की मेहनत छिपी हुई है। इसीलिए नवरात्रि वह उत्सव है, जब हम कहें कि ये स्त्रियों की ताकत को प्रणाम करने का अवसर भी है। ■



## रामदाना के लड्डू

■ अनिता घोष

**सामग्री :** 200 ग्राम रामदाना, एक कप गुड़, दो चम्मच घी, दो चम्मच काजू-किशमिश के टुकड़े, एक चुटकी इलायची पाउडर।

**विधि-** धीमी आंच पर कढ़ाही रखें। कढ़ाही गरम होने पर रामदाना को सुखा भूने। रामदाना फूटकर बड़े होने पर इसे एक प्लेट में निकेल कर रख लें। रामदाना ठंडा हो जाने पर फुटे हुए रामदाने को छलनी में छान लें, ऐसा करने से जो दाने नहीं फूटे होंगे वे छन जाएंगे। अब कढ़ाही में घी डालकर गरम करें। फिर कढ़ाही में गुड़ और दो चम्मच पानी मिलाएं। जब गुड़ से झाग निकलने लगे तो आंच धीमी करके इसमें रामदाना और इलायची पाउडर डाल दें। फिर इसमें किशमिश काजू डालकर अच्छी तरह मिला लें। हथेलियों पर पानी लगाकर थोड़ा-थोड़ा मिश्रण लेकर लड्डू बना लें। तैयार हो गया रामदाना का लड्डू। ठंडा हो जाने के बाद सारे लड्डू को कंटेनर में रख कर महीनों तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

# सन-एक्सपोजर से स्किन को नुकसान



ब्यूटी

■ शहनाज हुसैन



**धूप** में रहने से सन टैन, सन बर्न और कई अन्य प्रभाव हो जाते है। टैनिंग के अलावा, स्किन सूरज की हानिकारक UV किरणों के संपर्क में आती है, जिससे स्किन प्रभावित होती है जैसे कम उम्र में स्किन पर रेखाएं और झुर्रियां बनना। इसलिए स्किन को सुरक्षा की जरूरत होती है। यूवी किरणों के संपर्क में आने से होने वाला नुकसान इस पर निर्भर करता है कि स्किन इसे कितना अवशोषित करती है। UV किरणें क्या है? सूर्य से पराबैंगनी किरणें निकलती है। हम उन्हें श्रेणियों में विभाजित करते है। इसमें UV-A, UV-B और UV-C किरणें होती है। UV-B किरणें स्किन की बाहरी परत को प्रभावित करती है, जिससे सनबर्न होता है। हाल में ही पता चला है कि UVA किरणें स्किन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। UVC किरणें ओजोन परत तक ही सीमित रहती है जिससे यह स्किन को प्रभावित नहीं कर पाती है।

स्किन को ब्रॉड-स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन से सुरक्षित रखा जा सकता है, यह UV-A और UV-B किरणों से स्किन को सुरक्षित रखता है। सनस्क्रीन ऐसा प्रोडेक्ड है, जो स्किन और सूरज की पराबैंगनी किरणों के बीच एक सुरक्षा कवच बनाता है। धूप के संपर्क में आने से स्किन की नमी भी खत्म हो सकती है। अधिकांश सनस्क्रीन में मॉइस्चराइजर होता है। लेकिन अगर स्किन ज्यादा रूखी और बेजान है तो पहले सनस्क्रीन लगाएं और कुछ मिनटों के बाद मॉइस्चराइजर लगाएं। सनस्क्रीन को धूप में निकलने से लगभग 20 मिनट पहले लगाएं। अगर एक घंटे से अधिक समय तक धूप में रहते है, तो सनस्क्रीन दोबारा लगाएं। न केवल चेहरे पर बल्कि सभी खुले क्षेत्रों, जैसे बांहों और गर्दन के पिछले हिस्से पर भी सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। सनस्क्रीन के लेबल पर एसपीएफ लिखा होना चाहिए।



एसपीएफ क्या है? एसपीएफ संख्या है, जिसे सनस्क्रीन के लेबल पर लिखना होता है। एसपीएफ सन प्रोटेक्टिव फैक्टर है। एसपीएफ 20 से 25 वाला सनस्क्रीन अधिकांश प्रकार की स्किन के लिए बेहतर होता है। लेकिन अगर स्किन सेंसेटिव है और आसानी से टैन हो जाती है तो 40 या 60 के अधिक एसपीएफ वाले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। कुछ लोगों को धूप के कारण दाने या स्किन लाल हो जाती है। ऐसी सेंसेटिव स्किन के लिए अधिक एसपीएफ़ सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। तैराकी करते समय, समुद्र के किनारे या पहाड़ों पर छुट्टियां मनाते समय सनस्क्रीन लगाना न भूलें। पानी और बर्फ वाली सतहों पर यूवी किरणों का प्रभाव बढ़ जाता है।

सन ब्लॉक और सनस्क्रीन में अंतर है। सन ब्लॉक्स को UVB किरणों से बचाने के लिए तैयार किया जाता है, जबकि सनस्क्रीन UVA किरणों से बचाते है। सन ब्लॉक में ऐसे तत्व होते है, जो दिखाई देते है, जैसे खिलाड़ी पहनते है। स्किन की आंतरिक परत को नुकसान पहुंचाने से पहले ये सनस्क्रीन UV किरणों को अवशोषित कर लेते है। धूप के संपर्क में अधिक रहने से स्किन पर झुर्रियां हो जाती है।

### धूप से होने वाले नुकसान से सुरक्षा के नेचुरल उपाय :

**स्क्रब:** 2 चम्मच पिसे हुए बादाम लें, इसमें थोड़ा सा दही मिलाएं। मिश्रण को स्किन पर गोल-गोल घूमाते हुए धीरे-धीरे रगड़ें। इसे पानी से धो लें। ऐसा सप्ताह में एक या दो बार करें या दही में एक चुटकी हल्दी मिलाएं और रोजाना लगाएं। 20 से 30 मिनट बाद इसे धो लें।

- ■ जली हुई स्किन पर ताजा एलोवेरा जेल लगाने से स्किन को आराम मिलता है और स्किन ठीक हो जाती है। एलोवेरा में जिंक होता है, जिससे सूजन नहीं आती है।
- ■ त्वचा को टोन और आराम देने के लिए नारियल पानी का इस्तेमाल करें। इससे स्किन का टैन कम होता है और स्किन चमकदार होती है। इसे स्किन पर लगाकर 20 से 30 मिनट के लिए छोड़ दें।
- ■ रोजाना रूई की मदद से ठंडा दूध स्किन पर लगाने से स्किन को आराम मिलता है और स्किन चमकदार व मुलायम होती है। ■



## बादाम का हलवा

**सामग्री** -बादाम 250 ग्राम, 250 ग्राम चीनी, खोया 200 ग्राम, एक कप दूध, दो चम्मच घी, एक चम्मच इलायची पाउडर, 15-20 काजू-बादाम के टुकड़े, गुलाब जल एक चम्मच।

**विधि-** बादाम को रात 2-3 घंटा भिगो दे। सभी बादाम को छील कर धो लें। मिक्सी में पीस लें। मीडियम आंच में पैन में घी डालकर गरम करें। अब काजू-बादाम डाल कर सुनहरा होने तक तल कर प्लेट में निकाल लें। अब इसी पैन में पीसा हुआ बादाम, चीनी, खोया और दूध डालकर तब तक चलाएं जब तक पूरी तरह पक न जाएं।

अब इसमें इलायची पाउडर डाले और अच्छे मिक्स कर लें और आंच से हटा गरमा-गरम हलवा ड्राई फ्रूट्स के साथ सजाकर सर्व करें। ■

## कुट्टू के आलू पराठा

**सामग्री-** कुट्ट का आटा 250 ग्राम, आलू 3-4 उबले और कद्दूकस किये हुए, हरी मिर्च 4-5 बारीक कटी हुई, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, दो चम्मच धनिया पत्ता बारीक कटा हुआ, आधा छोटा चम्मच अजवाइन, नमक स्वादानुसार, तेल दो चम्मच, पराठा सेंकने के लिए घी।



**विधि-** सबसे पहले एक परात में कुट्टू का आटा अजवाइन, नमक और पानी डाल कर गूंथ लें। गूंथे हुए आटे को आधा घंटा के लिए छोड़ दें। उबले हुए आलू को कद्दूकस कर लें। गैस पर फ्राई पैन रखें। गरम होने पर उसमें एक चम्मच तेल डाले। तेल गरम होने पर उसमें कद्दूकस किया आलू, लाल मिर्च, नमक और धनिया पत्ता डालें। 5 मिनट तक पकाएं। जब पानी सूख जाए तब गैस बंद कर दे। तैयार हो गया पराठा के लिए भरावन। अब गूंथे हुए आटे की लोईयां बनाकर बीच में एक चम्मच भरावन रखकर परांठे बेल लें। मीडियम आंच पर तवा गरम करने के लिए रखें। तवा गरम होते ही इस पर पराठा रख कर घी से सेंक लें। जब एक तरफ अच्छे से सेंक जाए तो इस पर घी लगाकर इसे पलट दें और दूसरे साइड में भी घी लगा कर सेंक लें। तैयार हो गया कुट्ट का आलू का पराठा। गरमा-गरम आलू के परांठे दही या हरी चटनी के साथ सर्व करें।

## कुट्टू के चीले



**सामग्री-**दो कप कुट्टू का आटा, 1 उबला हुआ आलू, 2-3 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई), 1 चम्मच कटा हुआ हरा धनिया, एक चुटकी हींग,स्वादानुसार सेंधा नमक, आवश्यकतानुसार घी।


**विधि -** सबसे पहले कुट्टू के आटे का चीला बनाने के लिए आटे को छलनी से छान लें। अब इसमें उबले हुए आलू को मिलाकर मैश करें। अब इसमें पानी और नमक मिलाएं। ध्यान रखें कि इस मिश्रण वाले घोल में गांठ न पड़े। इस मिश्रण को 20 मिनट के लिए छोड़ दें। तय समय के बाद इसमें हरी मिर्च, सेंधा नमक, हींग और हरा धनिया डालकर अच्छी तरक मिक्स करें। मीडियम आंच पर एक फ्राई पैन में घी गरम करें। फिर एक बड़े चम्मच की सहायता से चीले के घोल को पैन में डालें और गोलाई में फैलाएं। अब आंच धीमी कर चीले को पकने दें। दोनों तरफ सुनहरा होने तक सेंकें। तैयार हो गया कुट्टू का चीला। हरी चटनी के साथ इस नवरात्रि में खाएं और खिलाएं।




# टैरो

ऋचा श्रीवास्तव


(18 अक्टूबर-24 अक्टूबर)




**मेष (21मार्च -20अप्रैल )-** संतुलन की जरूरत है। परिवर्तन का समय है। कुछ नया करने में ऊर्जा लगाएं। कुछ चाहे, कुछ अनचाहे बड़े बदलाव हो सकते है। क्षमताओं से बढ़कर काम करना है और बड़ा दृष्टिकोण रखना जरूरी है। रिश्तों में मुश्किलें आ सकती है। रिश्तों को खुशहाल बनाये रखने की कोशिश करें। विद्यार्थी वर्ग को सफलता पाने के लिये अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।



**वृषभ (21अप्रैल -21मई )-** सुरक्षित और प्रसन्न महसूस करेंगे। हर पल का आनंद लें और सपनों को पूरा करने के लिए जुट जाएँ। विचारों को सही जगह पर व्यक्त करें। इससे फायदा होगा। सफलता का जश्न मनाने का पूरा मौका मिलेगा। सोच को जितना विस्तार देंगे, उतना ही फायदे में रहेंगे। प्यार और रिश्ते के लिए सबसे ज्यादा अहम रहेंगे। करियर अच्छा रहेगा। किसी अहम प्रोजेक्ट से जुड़ेंगे। प्रमोशन - इंक्रीमेंट मिलने की सम्भावना है।



**मिथुन (22मई -21जून )-** किसी प्रभावी व्यक्ति से मिला सहयोग उत्साह को दोगुना कर देगा। बेहतर काम की लोग तारीफ करेंगे। सावधानी बरतें। कार्यक्षेत्र में सतर्क रहने की जरूरत है। लापरवाही परेशानी का कारण बन सकती है। जीवन साथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। दूसरों का ध्यान आसानी से खींचने में कामयाब होंगे। विवाह की बात चल सकती है।




**कर्क (22जून -22जुलाई )-** मेहनती स्वभाव के कारण कार्यक्षेत्र एवं परिवार में विशेष स्थान बना पाएंगे। करियर सम्बंधित बातों में प्रयत्न करके परिस्थिति पक्ष में भी होगी। व्यवसाय करने वालों को अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग एवं ध्यान अपनाएं।




**सिंह (23जुलाई -21अगस्त )-** अभी तक जो आर्थिक अस्थिरता नौकरी में दिख रही थी, वो दूर होने लगेगी। नौकरी में बदलाव या मनचाही नौकरी मिलने की सम्भावना है। महिला अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा। तनाव को परिवार के सभी व्यक्ति दूर करने की कोशिश करेंगे। विवाह का योग बन रहा है। खर्च के प्रति सतर्क रहें। अधिक मौज मस्ती पर ध्यान ना देते हुए लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करें।




**कन्या (22अगस्त -23सितम्बर )-** शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है। आर्थिक लाभ में बढ़ोतरी होगी। रोजगार व्यापार में प्रगति होगी। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। अपेक्षित लाभ मिल सकता है। उच्च अधिकारी योग्यता व प्रतिभा का परीक्षण कर सकते है। मनपसंद जीवन साथी मिलने का योग है।



**तुला (24 सितम्बर -23अक्टूबर )-** कोई बड़ी सीख दे सकता है इसलिए नकारात्मक विचारों से दूर रह कर, आगे बढ़ें। करियर में सकारात्मक बदलाव कुछ कठिनाइयों से गुजरने के बाद ही दिखेगा। काम से सम्बंधित जो भी कठिनाइयां आ रही है, उनका डटकर सामना करें। परिवार को गुस्से पर काबू रखने की अत्यंत आवश्यकता होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।




**वृश्चिक (24अक्टूबर -22नवम्बर )-** परिस्थितियों का संतुलन बनाना आवश्यक रहेगा। कोई ऐसा निर्णय न लें, जिससे नौकरी पर प्रभाव पड़े। नौकरी छोड़ना या आय के स्रोत को छोड़ना, परेशानी का कारण बन सकता है। कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें। खर्च पर भी ध्यान रखना होगा। किसी रोग को आगे बढ़ने ना दें। छोटी छोटी परेशानियों को सावधानी से निपटने का प्रयास करें।




**धनु (23 नवम्बर -22 दिसम्बर )-** वाद विवाद में पड़ने की कोशिश ना करें, यह सही समय नहीं है। नई योजनाएं बनायीं है , वे साथ नहीं आ रही फिर भी हार मत मानो, हर चीज में समय लगता है। यदि कोई अनबन हो गई है तो दोस्तों या परिवार के बीच पुलों को सुधारने का समय अच्छा है। आगे कठीण संघर्ष है लेकिन सफलता निश्चित है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ना बरतें।



**मकर (23दिसम्बर -20जनवरी )-** कोई नया कार्य आरम्भ हो सकता है, इच्छाशक्ति मजबूत करें सफलता मिलेगी। फालतू खर्चो से बचें। सेहत के प्रति सचेत रहें। योजना पर अमल कर है। महत्वपूर्ण मामलों पर ध्यान दें। जीवन साथी के साथ समय बिताएं। खास काम प्रतिष्ठा और अच्छे प्रदर्शन का मौका देगा। इष्ट मित्रों के साथ समय व्यतीत करेंगे।



**कुम्भ (21जनवरी -19फरवरी )-** अवसरवादी के लिए अच्छा होगा क्योंकि व्यवसायिक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कई मौके मिलेंगे। संभावनाओं को फलदायी नतीजों में बदलने के लिए आशावाद ओर उत्साह से भरे होंगे। आय बढाने के लिए की गयी कोई भी पहल बड़ी सफलता होगी।



**मीन (29 फरवरी -20मार्च )-** विचारों में असंतुलन पैदा हो सकता है, यह भ्रम पैदा करेगा। ऐसी स्थिति से बचने के लिए लक्ष्यों पर फिर से गौर करें, इससे सोचने -समझने की नई ताजगी मिलेगी। यदि खुद को थका हुआ महसूस करें तो बाहर निकलें। दोस्तों से मिलें, राहत मिलेगी। बड़े निर्णय लेने से बचें। स्वास्थ के प्रति लापरवाही ना बरतें। प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ पर ध्यान दें। ■

*चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) गगनयान मिशन की तैयारियों में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गगनयान की प्रगति का आकलन करने के लिए मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान भारत के अंतरिक्ष मिशनों को लेकर भविष्य की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा हुई। अंतरिक्ष विभाग ने गगनयान मिशन की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें अब तक विकसित विभिन्न टेक्नोलॉजी जैसे ह्यूमन-रेटेड लॉन्च वाहन और सिस्टम क्वालिफिकेशन शामिल हैं। ह्यूमन-रेटेड लॉन्च व्हीकल (एलवीएम3) के 3 मिशनों समेत करीब 20 बड़े टेस्ट की योजना बनाई गई है।*

# 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय, 2035 में अपना स्पेस स्टेशन

## गगनयान पर बैठक में बोले प्रधानमंत्री मोदी | गगनयान मिशन की तैयारियों में जुटा है इसरो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हाल के दिनों में चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन सहित भारतीय अंतरिक्ष पहल की दूसरी सफलताओं को देखते हुए पीएम मोदी ने कुछ खास निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश को अब 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित नए लक्ष्य तय करने चाहिए। इनमें 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय भेजना भी शामिल है। इस टारगेट को पाने के लिए अंतरिक्ष विभाग चंद्रमा की खोज को लेकर रोडमैप तैयार करेगा। इसमें चंद्रयान मिशनों की श्रृंखला, नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी) का डेवलपमेंट, नए लॉन्च पैड का निर्माण और मानव-केंद्रित प्रयोगशालाएं शामिल होंगी। प्रधानमंत्री ने भारतीय वैज्ञानिकों से अंतरग्रहीय मिशनों की दिशा में काम करने का भी अपील की, जिसमें शुक्र ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर शामिल होगा। उन्होंने भारत की क्षमताओं पर विश्वास जताया और स्पेस सेक्टर में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई।



**21 अक्टूबर को परीक्षण यान की पहली उड़ान :** इसरो ने बताया कि वह 21 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से एक परीक्षण यान के प्रक्षेपण होगा। साथ ही गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए मानव रहित उड़ान टेस्ट शुरू करेगा। इसरो की ओर से बताया गया, 'मिशन गगनयानः टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान 21 अक्टूबर 2023 को सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निधारित है।' इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा था कि 21 अक्टूबर को टीवी-डी1 टेस्ट फ्लाइट के बाद गगनयान कार्यक्रम के तहत 3 और परीक्षण यान मिशन शुरू किए जाएंगे।



श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेश स्टेशन में गगनयान अभियान को लेकर चल रही हैं तैयारियां।

### गगनयान प्रोजेक्ट का मकसद

बता दें कि गगनयान प्रोजेक्ट के तहत मानव दल को पृथ्वी की 400 किलोमीटर की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करना है। इसके बाद उसे भारतीय समुद्री सतह पर उतारकर पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाने की यान की क्षमता का आकलन करना और मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करना है। परीक्षण यान की उड़ान (टीवी-डी) का उद्देश्य क्रू मॉड्यूल (सीएम) का परीक्षण करना है जो अगले साल के अंत में मानव अंतरिक्ष उड़ान के दौरान भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाएगा। टीवी-डी1 टेस्ट फ्लाइट में मानव रहित क्रू मॉड्यूल को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करना, इसे पृथ्वी पर वापस लाना और बंगाल की खाड़ी में उतरने के बाद इसे फिर से हासिल करना शामिल है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ही भ्रष्टाचार की नींव : शिवकुमार



**बेंगलुरू।** कर्नाटक में आयकर विभाग (आईटी) ने बड़ी कार्रवाई कर 94 करोड़ रुपये जब्त किए थे। वसूले गए रुपयों को लेकर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो पैसा मिला है वो भाजपा नेताओं से जुड़ा हुआ है। इसका कांग्रेस सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। शिवकुमार ने कहा कि पूरा भ्रष्टाचार भाजपा का ही है। वह ही भ्रष्टाचार की नींव है। इसलिए कर्नाटक की जनता ने उसे उखाड़ फेंका। उन्होंने कहा कि जो पैसा मिला है वो भाजपा नेताओं से जुड़ा हुआ है।

### जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल बने मणिपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश



**इंफाल।** कानून एवं न्याय मंत्रालय ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की मणिपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जुलाई में जस्टिस मृदुल की मणिपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की थी। केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने उन्हें एक्स पर शुभकामनाएं दीं।

### शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा फिर गिरफ्तार



**सिवान।** बिहार के सिवान के पूर्व सांसद शहबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब समेत तीन लोगों को बिहार पुलिस ने राजस्थान के कोटा कोर्ट परिसर से गिरफ्तार कर लिया है। ओसामा शहाब पर जान से मारने और रंगदारी मामले में सिवान और मोतिहारी में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज है। इससे पहले सिवान के दिवंगत पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को कोटा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया था है। ओसामा की गिरफ्तारी शांति भंग करने के आरोप में रामगंज मंडी थाना पुलिस ने किया था। मंगलवार को कोटा पुलिस ने ओसामा समेत तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया।

### ट्रक में भीषण आग, नाबालिग सहित चार लोगों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में मुंबई-बंगलूरू हाईवे पर सोमवार को एक ट्रक में आग लगने से एक नाबालिग सहित चार लोगों की जलकर मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सिंहगड रोड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अभय महाजन ने कहा कि यह घटना रात करीब नौ बजे स्वामीनारायण मंदिर के पास हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक सांगली से गुजरात जा रहा था। जब ट्रक स्वामीनारायण मंदिर चौक के पास पहुंचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन दूसरे ट्रक से टकरा कर पलट गया।

**जंग में इजराइल को मिली बड़ी कामयाबी**

# हमास, हिजबुल्लाह पर 'डबल अटैक' मारे गए एक कमांडर और दो आतंकी

## इजरायली सेना की एयरस्ट्राइक में आतंकी नोफल मारा गया

एजेंसी ▸▸ तेलअवीव

तेल अवीव। हमास और हिजबुल्लाह से जंग में इजराइल को बड़ी कामयाबी मिली है। इजरायली सेना की एयरस्ट्राइक में आतंकी अयमान नोफल मारा गया है। वह हमास का सीनियर कमांडर बताया जाता है। इजरायली सेना के मुताबिक, अयमान हमास की जनरल मिलिट्री काउंसल का सदस्य था। इसके अलावा इजराइल की सेना ने आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के दो आतंकियों को भी ढेर किया है। बता दें कि इजराइल इस वक्त दो मोर्चों पर जंग लड़ रहा है। एक तरफ वह गाजा पट्टी से होने वाले हमास के हमलों का जवाब दे रहा है। दूसरी तरफ लेबनान से हिजबुल्लाह के आतंकी उसपर हमले कर रहे हैं, जिनके जवाब में इजराइल की तरफ से एयर स्ट्राइक की जा रही हैं। अब हमास के कमांडर के मारे जाने की बात इजरायली सेना ने कही है। वहीं एयर स्ट्राइक में अपने सदस्यों के मारे जाने की बात हिजबुल्लाह ने खुद कबूली है। हिजबुल्लाह ने इनके नाम अब्बास फैसी और मोहम्मद अहमद काजिम बताए हैं।

### हिजबुल्ला ने भी दागी मिसाइल

हिजबुल्लाह ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसे जवाबी एक्शन का बताया जा रहा है। इसमें संगठन ने एक कार को निशाना बनाते हुए मिसाइल दागी है। ये हमला इजराइल के मेटुला शहर पर हो रही है। बता दें कि गाजा पट्टी से ऑपरेट करने वाले संगठन हमास, जिसे कई देश आतंकी संगठन मानते हैं उसने 7 अक्टूबर को इजराइल पर धावा बोला था।



### लेबनान पर पूरी रात एयर स्ट्राइक

इजराइली सेना ने कहा कि हिज्बुल्ला को सबक सिखाने के लिए उसके सैन्य ठिकानों पर सोमवार पूरी रात हमले किए गए। इजराइल पर 7 अक्टूबर को हमास के आतंकियों की ओर हमले और उसके तुरंत बाद इजराइल की ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक के बाद हिज्बुल्ला भी अब उस पर हमले करने लगा है। इसका जवाब देते हुए इजराइल भी हिज्बुल्ला पर गोले बरसा रहा है, जिसमें अब तक लेबनान के 10 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से अधिकतर लोग हिज्बुल्ला के आतंकी हैं।

### हिज्बुल्ला ने किया ये दावा

हिजबुल्लाह ने मीडिया को बताया कि उसने इजराइल के उत्तरी सीमावर्ती शहर शुटुला में उसके सैन्य ठिकानों पर गोलाबारी की। संगठन ने अपने एक बयान में कहा कि यह हमला इजराइली गोलाबारी के प्रतिशोध में था, जिसमें शुक्रवार को रॉयटर्स के वीडियोग्राफर इस्साम अब्दुल्ला और शनिवार को दो लेबनानी नागरिकों की मौत हो गई थी। वहीं इजराइली सेना ने कहा कि इजराइल ने ऐत अल-शाब शहर के बाहरी इलाके को निशाना बनाकर जवाब दिया है।

### दोनों में संघर्ष बढ़ने की आशंका

अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ईरान समर्थित हिजबुल्लाह और इजराइली सेना के बीच संघर्ष बढ़ने की आशंका है। इन सीमा संघर्षों के बाद इजराइल ने अपने उत्तरी इलाकों में 28 स्थानों से हजारों निवासियों को निकालना शुरू कर दिया है। उसे डर है कि हिज्बुल्ला इन क्षेत्रों में रॉकेट बरसाकर वहां के लोगों को निशाना बना सकता है। लिहाजा वह अपने नागरिकों को सुरक्षित करके लेबनान पर जवाबी हमले की योजना पर काम कर रहा है।

### इजराइल के प्रति अंधी नफरत

बताते चलें कि फिलीस्तीन का आतंकी संगठन हमास एक सुन्नी समूह है और लेबनान का हिज्बुल्ला एक शिया आतंकी संगठन है। इस्लाम के इन दोनों फिरकों में शुरुआत से ही अदावत रही है, जो इन दोनों आतंकी संगठनों के संबंधों में भी दिखती है लेकिन इजराइल से अंधी नफरत की वजह से दोनों आतंकी समूह अपने मतभेद बुलाकर एक साथ आ गए हैं और इस यहूदी देश को लहूलुहान करने की कोशिश कर रहे हैं।

# इजराइल-हमास के बीच युद्धविराम की मांग वाला रूस का प्रस्ताव खारिज

- प्रस्ताव में इजराइली नागरिकों पर किए बर्बर हमले का नहीं था जिक्र



एजेंसी ▸▸ संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में सोमवार रात गाजा में जारी हिंसा पर लाए गए रूस का प्रस्ताव खारिज हो गया। दरअसल रूस के प्रस्ताव में गाजा में आम नागरिकों के खिलाफ हो रही हिंसा की निंदा करते हुए युद्धविराम की मांग की गई थी, लेकिन इसमें हमास या उसके द्वारा इजराइली नागरिकों पर किए गए बर्बर हमले का जिक्र ही नहीं किया गया था। ऐसे में पश्चिमी देशों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। 15 सदस्यों वाली सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पास होने के लिए 9 वोटों की जरूरत थी लेकिन प्रस्ताव के समर्थन में सिर्फ चार देशों ने मतदान किया।

### सुरक्षा परिषद पश्चिमी देशों की बंधक : रूस

रूसी राजनयिक वेसिली नेबंजिया ने सदस्य देशों से समर्थन मांगते हुए कहा कि गाजा संकट अभूतपूर्व है और इसमें हताहतों की संख्या हर घंटे बढ़ रही है। रूसी राजनयिक ने इजराइल और गाजा में आम नागरिकों की मौतों की कड़ी निंदा की। वहीं रूसी प्रस्ताव खारिज होने के बाद वेसिली नेबंजिया ने कहा कि एक बार फिर साबित हो गया है कि सुरक्षा परिषद पश्चिमी देशों के स्वार्थों की बंधक है।

### इन देशों ने किया रूसी प्रस्ताव का समर्थन

रूसी प्रस्ताव के समर्थन में जिन देशों ने वोट किया, उनमें चीन, संयुक्त अरब अमीरात, मोजाम्बिक और गैबोन शामिल हैं। वहीं प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और फ्रांस शामिल हैं। छह अन्य देश मतदान में शामिल ही नहीं हुए। बता दें कि इजराइल और हमास के बीच छिड़ी लड़ाई को लगभग दो हफ्ते का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक संयुक्त राष्ट्र की सबसे अहम निकाय सुरक्षा परिषद, जिस पर वैश्विक शांति और सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वह इस हिंसा को रोकने में विफल रही है।

# निशिकांत सहित कई लोगों पर ठोक दिया मानहानि का केस

## 'सवाल के बदले घूस' विवाद पर भड़कीं महुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने 'सवाल के बदले घूस' लेने का आरोप लगाने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर मानहानि का केस ठोक दिया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहदराई और कई मीडिया संगठनों के खिलाफ भी महुआ मोइत्रा ने केस किया है। निशिकांत दुबे और जय अनंत ने आरोप लगाया था कि लोकसभा में सवाल पूछने के एवज में टीएमसी की फायर ब्रांड सांसद ने घूस ली थी। महुआ मोइत्रा की याचिका दिल्ली हाई कोर्ट में जस्टिस सचिन दत्ता की अदालत में लिस्ट हुई है। कोर्ट ने शुक्रवार को केस की सुनवाई करने का फैसला लिया है। जय अनंत देहराई को लेकर कहा जाता है कि वह महुआ मोइत्रा से रिश्ते में रहे हैं। दोनों के बीच पालतू कुत्ते को रखने को लेकर तीखा विवाद भी हुआ था और फिर अलग हो गए थे। बीते 6 महीनों में महुआ मोइत्रा ने जय अनंत के खिलाफ कई शिकायतें पुलिस में दर्ज कराई हैं।



### एथिक्स कमेटी को सौंपी शिकायत

अब इस शिकायत को स्पीकर ने एथिक्स कमेटी को सौंप दिया है। दुबे का कहना था कि कैश और गिफ्ट के तौर पर महुआ मोइत्रा ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से घूस ली थी और उसके एवज में ही संसद में उन्होंने कुछ सवाल भी पूछे थे। निशिकांत दुबे ने आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव से कहा है कि महुआ ने लोकसभा की अपनी लॉग इन डिटेल्स भी लीक की थीं। इसकी भी जांच होनी चाहिए। इन आरोपों पर महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि घूस में मिले कैश और गिफ्ट से मैं एक कॉलेज और यूनिवर्सिटी खरीदने जा रही हूं। वहां से निशिकांत दुबे अपनी असली डिग्री खरीद सकते हैं।

**महुआ का फर्जी डिग्री पर भी तंज**

इसके साथ ही महुआ ने निशिकांत दुबे पर ही तंज कसते हुए स्पीकर से मांग की थी कि वह फर्जी डिग्री के मामले में उनके खिलाफ जांच पूरी कराएं। महुआ के अलावा हीरानंदानी ग्रुप ने भी आरोपों को खारिज किया है। ग्रुप ने बयान जारी कर कहा कि हम हमेशा कारोबार ही करते हैं। इसके अलावा हमारा कोई और काम नहीं है। देशहित में ही हम कुछ करते हैं। सारे आरोप गलत हैं।

## नवरात्रि उत्सव की धूम...



नवरात्रि उत्सव के दौरान जम्मू में मंगलवार को भक्त काली माता मंदिर में माता की चुनरी खरीदते हुए।

### मणिपुर : मानवाधिकार आयोग ने सरकार को जारी किया नोटिस

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने केंद्र, मणिपुर सरकार और राज्य पुलिस के प्रमुख को नोटिस जारी कर स्पष्ट रूप से यह बताने के लिए कहा है कि हिंसाग्रस्त राज्य में शांति बहाल करने के सिलसिले में क्या कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयोग को हिंसक घटनाओं से संबंधित विभिन्न मामलों में उसके पिछले नोटिस के जवाब में मणिपुर सरकार की ओर से कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्राप्त हुई है। एनएचआरसी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, " सूचित किया गया है कि राज्य में हिंसा की घटनाओं के संबंध में कई कदम उठाए गए हैं।

# कांग्रेस की सरकार बनी तो खरीदेंगे 2 रुपए किलो गोबर

▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। एक साल में तैयार हुए वचन पत्र में 59 विषय, 225 मुख्य बिंदु, 1290 वचन और 101 गारंटियां हैं। वचन पत्र में बेरोजगार युवाओं को 3 हजार तक भत्ता देने का वादा तो है ही, नंदनी गो धन योजना में 2 रुपए किलो खरीदने का भी ऐलान किया गया है। पहली बार किसी राजनैतिक दल ने दावा किया है कि मध्य प्रदेश में आईपीएल की टीम भी बनाई जाएगी।

वचन पत्र में 100 यूनिट तक फ्री बिजली, पुरानी पेंशन और बेरोजगारी भत्ता देने की भी गारंटी दी। एक साल में तैयार हुए वचन पत्र में 59 विषय, 225 मुख्य बिंदु, 1290 वचन और 101 गारंटी हैं। घोषणा पत्र में 10 नए वचनों को शामिल किया गया है। युवा, किसान, शासकीय कर्मचारी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण और खुशहाल परिवार को लेकर घोषणाएं की गई हैं।

## इनकम टैक्स का नोटिस मिला तो उड़े घरवालों के होश

# मजदूर के खाते में अचानक आ गए 2 अरब 21 करोड़

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के बस्ती से हैरान कर देने वाला मामला सामना आया है। यहां एक मजदूर रातोरात अरबपति बन गया। उसके खाते में 2 अरब 21 करोड़ से ज्यादा रुपये आ गए। बैंक खाते में इतनी रकम देखकर मजदूर की आंखें फटी रह गईं। लेकिन अब ये रकम उसके लिए मुसीबत का सबब बन गई है। उसके घर आयकर विभाग का नोटिस पहुंच गया है। यह मामला बस्ती के लालगंज थाना क्षेत्र के बरतनिया गांव का है। यहां रहने वाले शिवप्रसाद निषाद के बैंक खाते से 221 करोड़ रुपये का लेनदेन दिखाया गया है। शिवप्रसाद दिल्ली में पत्थर घिसाई का काम करता है। उसके घर जब आयकर विभाग का नोटिस पहुंचा तो हड़कंप मच गया। नोटिस में शिवप्रसाद के साथ ही उसे 20 अक्टूबर तक सभी दस्तावेज लेकर हाजिर होने का आदेश दिया गया है।

**यूपी का एक किसान रातो-रात बना अरबपति**



### 2019 में गुम हो गया था पैन कार्ड

अब शिवप्रसाद को यह समझ नहीं आ रहा कि आखिर उसके खाते में इतने पैसे कैसे आ गए। वो काम छोड़कर दिल्ली से यूपी लौट आया है। शिवप्रसाद ने आशंका जताई है कि 2019 में उसका पैन कार्ड गुम हो गया था। उसकी मदद से ही किसी ने जालसाजी कर उसके नाम से बैंक खाता खोल लिया और ये कांड कर दिया। इस बाबत उसने लालगंज थाने जाकर पुलिस को मामले की जानकारी दी है। खाते की डिटेल निकालकर मामले की सीनियर ऑफिसर्स से भी शिकायत की है।

### खाते में आए 2 अरब 21 करोड़ 30 लाख जमा

शिवप्रसाद ने कहा कि मैं मजदूर हूं। पत्थर घिसाई का काम कर पैसा कमाता हूं। मुझे नहीं पता इतना पैसा किसने लेनदेन किया है। शायद मेरे पैन कार्ड का किसी ने गलत यूज कर लिया है। जिस खाते में 2 अरब 21 करोड़ 30 लाख रुपये जमा हुए हैं वह मेरा ही है। कैसे और कब इतना ट्रांजेक्शन हुआ नहीं मालूम. बाकी के जो खाते हैं, उनमें कोई पैसा ट्रांजेक्शन नहीं किया गया है।

### आयकर और पुलिस विभाग दोनों एक्टिव

डाक द्वारा घर पर जो नोटिस आया है उसमें बैंक खाते से 2 अरब 21 करोड़ 30 लाख रुपये कैश जमा होने की बात है। 4 लाख 58 हजार 715 रुपये टीडीएस कटने की भी बात लिखी हुई है। फिलहाल, अरबों रुपये के ट्रांजेक्शन को लेकर आयकर और पुलिस विभाग दोनों एक्टिव हो गए हैं। दोनों ही विभागों ने अपने-अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि खाते में ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बैंक और आयकर विभाग संपर्क में है।

## *शराब घोटाला : आप नेता की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी*

# सिसोदिया ने कोर्ट में कहा- मुझे जेल में रखने का कोई फायदा नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली के कथित शराब घोटाले में फरवरी के अंत से ही जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। हालांकि, कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। मंगलवार को मनीष सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने 'आप' नेता की ओर से कई दलीलें रखीं और अपने मुवक्किल को निर्दोष बताते हुए जमानत की मांग की। जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच ने सिसोदिया की ओर से दायर किए गए दो अलग-अलग याचिकाओं पर लंबी सुनवाई की। अलग-अलग तारीखों पर ईडी और सीबीआई की ओर से पेश हुए अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और सिसोदिया के वकील सिंघवी से कई सवाल-जवाब किए। कोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### सभी साक्ष्य दस्तावेजी प्रकृति के

सिंघवी ने कहा कि आबकारी नीति का फैसला संस्थागत था और कई स्तरों पर निर्णय लिया गया। सिंघवी ने कहा, 'कुछ भी मुझसे (सिसोदिया) प्रत्यक्ष नहीं जुड़ा हुआ है। सभी साक्ष्य दस्तावेजी प्रकृति के हैं, मुझे जेल में रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। विदेश भागने का कोई खतरा नहीं है।' विवादित आबकारी नीति की वजह से शराब की कीमतें बढ़ने के ईडी के दावे का का जवाब देते हुए सिंघवी ने कहा, 'कीमतें बढ़ने का ईडी का बयान गलत है। नीति के बाद ग्राहकों के लिए भी कीमतों में कमी आई।'

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई/अनि. | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 0/0 | 6 | 1.821 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 0/0 | 6 | 1.604 |
| द. अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 0/0 | 4 | 1.385 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 0/0 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 0/0 | 2 | -0.084 |
| अफगानिस्तान | 3 | 1 | 2 | 0/0 | 2 | -0.652 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 0/0 | 2 | -0.699 |
| आस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 0/0 | 2 | -0.734 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 0/0 | 2 | -0.993 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0/0 | 0 | -1.532 |

## आचार संहिता तोड़ने पर गुरबाज को फटकार

**नई दिल्ली (भाषा)।** अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मैच में आईसीसी की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिये फटकार लगाई गई है। गुरबाज ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.2 का उल्लंघन किया जो क्रिकेट उपकरण, जर्सी, मैदानी उपकरण या फिटिंग्स को नुकसान पहुंचाने के संबंध में है। इसके साथ ही गुरबाज के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया क्योंकि यह 24 महीने में उनका पहला अपराध है।

यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 19वें ओवर की है जब गुरबाज ने आउट होने के बाद अपना बल्ला सीमा रेखा और एक कुर्सी पर दे मारा था। गुरबाज ने अपना अपराध और आईसीसी एलीट पेनल के मैच रैफरी जैफ क्रो द्वारा सुनाई गई सजा स्वीकार कर ली तो औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। अफगानिस्तान ने उस मैच में इंग्लैंड को 69 रन से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया था।

## वायरल बुखार से उबर गए हैं पाकिस्तान के अधिकतर खिलाड़ी

**बेंगलुरू (भाषा)।** पाकिस्तान के जिन खिलाड़ियों को पहुंचने पर वायरल बुखार हो गया था उनमें से अधिकतर इससे उबर गए हैं लेकिन कुछ खिलाड़ी अब भी चिकित्सकों की निगरानी में है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मीडिया मैनेजर एहसान इफ्तिखार नागी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान को 20 अक्टूबर को यहां आस्ट्रेलिया का सामना करना है।

भारत के हाथों अहमदाबाद में सात विकेट से करारी हार झेलने के बाद पाकिस्तान की टीम रविवार को बेंगलुरु पहुंची थी। बेंगलुरू में के पिछले कुछ महीनो में वायरल बुखार के कई मामले सामने आए हैं हालांकि ऐसा मौसम बदलने के कारण हो सकता है। पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भी यहां पहुंचने पर स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ परेशानियां हो गई थी। एहसान ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों से कुछ खिलाड़ी बुखार से पीड़ित थे लेकिन उनमें से अधिकतर इससे उबर गए हैं। कुछ खिलाड़ी अभी चिकित्सकों की निगरानी में हैं।' उन्होंने इसके साथ ही पुष्टि की कि कप्तान बाबर आजम और तेज गेंद बाद शाहीन शाह अफरीदी पूरी तरह से स्वस्थ हैं। पाकिस्तान की टीम ने मंगलवार को एवं चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास भी किया।

## इकॉनामी रेट को लेकर चिंतित नहीं अधिक विकेट लेना लक्ष्य : जम्पा

**लखनऊ (भाषा)।** पहले दो विश्व कप मैचों में खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना झेलने वाले आस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर एडम जम्पा ने कहा कि महंगे साबित होने से वह चिंतित नहीं हैं और उनका लक्ष्य अधिक विकेट लेना है।

विश्व कप 2019 में काफी सफल रहे जम्पा ने जीत के बाद कहा, 'मैं आत्ममंथन में माहिर हूं। पहले दो मैचों में अपना प्रदर्शन देखने के बाद पिछले मैच को देखकर मैं यह कह सकता हूं कि मैने जीत की राह आसान की।' उन्होंने कहा, 'भारत के खिलाफ मैच में हमें 200 से कम का स्कोर बचाना था और मुझ पर विकेट लेने की जिम्मेदारी थी। मैने इकॉनॉमी रेट की परवाह नहीं की।' उन्होंने भारत के खिलाफ 53 रन दिए और उन्हें विकेट नहीं मिला। उन्होने कहा, 'मैं आंकड़ों की परवाह नहीं करता। मेरा लक्ष्य जीत में योगदान देना है।'

### संक्षिप्त खबरें

#### एशियाई पैरा खेलों में 446 सदस्यीय दल भेजेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत हांगझोउ में 22 से 28 अक्टूबर तक होने वाले चौथे एशियाई पैरा खेलों में 446 सदस्यीय दल भेजेगा जिनमें 303 खिलाड़ी हैं। खेल मंत्रालय ने 17 खेलों में 303 खिलाड़ियों (191 पुरुष और 112 महिला) को मंजूरी दी। इनके अलावा 143 कोच, अधिकारी और सहयोगी स्टाफ भी जाएंगे। इनमें से 123 खिलाड़ी एथलेटिक्स के ही हैं। यह एशियाई पैरा खेलों में भारत का सबसे बड़ा दल है। पिछली बार जकार्ता में 190 खिलाड़ियों ने 13 खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करके 15 स्वर्ण समेत 72 पदक जीते थे।

#### सुदेवा और रेंजर्स की आसान जीत

**नई दिल्ली।** सुदेवा दिल्ली एफसी और रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब ने एकतरफा मुकाबलों में क्रमशः अहबाब एफसी और फ्रंटियर फुटबाल क्लब को हरा कर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। सुदेवा ने अहबाब 5-2 से और रेंजर्स ने फ्रंटियर को 5-0 से हराया। सुदेवा की जीत का आकर्षण प्लेयर ऑफ द मैच मैदंगासरी नार्जरी के दो बेहतरीन गोल रहे। जिंगम वांगसू, कीर्ति सिंह और अंजली ने एक-एक गोल जमाए। पराजित अहबाब के दो गोल प्रियंका मेंगर ने किए। रेंजर्स की जीत में पूनम, अंजू, ममता, किरण और मनीषा ने एक-एक गोल का योगदान दिया। रक्षा पंक्ति में बेहतर खेल के लिए विजेता टीम की ऋतु देवी को श्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया।

#### सब जूनियर हॉकी में लड़के जीते, लड़कियां हारी

**नई दिल्ली।** भारतीय लड़के और लड़कियों की सब जूनियर (अंडर-16) हॉकी टीमों को नीदरलैंड के पहले दौरे पर मिले जुले नतीजे मिले। लड़कों ने नीदरलैंड की अंडर-16 टीम को 4-0 से हराया जबकि लड़कियों को डच टीम ने 4-1 से हरा दिया। लड़कों के लिए रोहित आई सिंह, केतन कुशवाहा, राहुल राजभर और कप्तान मनमीत सिंह राय ने गोल किए। लड़कियों के लिए सिर्फ काजल जूनियर ही गोल कर सकी।

#### आठ नए सदस्यों के चुनाव से आईओसी की सदस्य संख्या 107 हुई

**मुंबई।** आठ नए सदस्यों के चयन से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों की संख्या 107 हो गई और इसके साथ ही इसके 141वें सत्र का भी मंगलवार को समापन हो गया। चुने गए सदस्यों में चार महिलाएं हैं जिससे आईओसी में महिला प्रतिनिधित्व 41.1 प्रतिशत हो गया। आईओसी ने एक बयान में कहा, 'यह नियामक ढांचे में महिला प्रतिनिधित्व बढाने के आईओसी के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया है।' मतदान के बाद इस्राइल के याएल अराद, हंगरी के बालाज फुरेस और पेरू के सेसिलिया रोक्साना टेट विलाकोर्ता, मलयेशिया की अभिनेत्री मिशेले यिओ, जर्मनी के माइकल एम को भी चुना गया।



धर्मशाला : अर्धशतकीय पारी के दौरान नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवड्र्स।

# एक और बड़ा उलटफेर, नीदरलैंड ने द. अफ्रीका को 38 रन से हराया

- कप्तान एडवड्र्स ने खेली 78 रन की नाबाद पारी
- नीदरलैंड के लिए लोगन वान बीक ने तीन जबकि रीलोफ वान डर मर्व, पॉल वान मीकरेन और बास डी लीडे ने दो-दो विकेट लिए।

**धर्मशाला (भाषा)।** स्कॉट एडवड्र्स की कप्तानी पारी और गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से नीदरलैंड ने मंगलवार को बारिश से प्रभावित मैच में दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराया जो आईसीसी वनडे विश्व कप में तीन दिन के अंदर दूसरा बड़ा उलटफेर है। नीदरलैंड ने अफगानिस्तान की मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेकर दक्षिण अफ्रीका के विजय अभियान पर रोक लगाई। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पहले दो मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी।

नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 43 ओवर में आठ विकेट पर 245 रन चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। एडवड्र्स ने 69 गेंद पर नाबाद 78 रन बनाए जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल है। उनके बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर अतिरिक्त रन (31) का रहा। इसके जवाब में कई स्टार खिलाड़ियों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम 42.5 ओवर में 207 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से डेविड मिलर ने 43 और केशव महाराज ने 40 रन बनाए। नीदरलैंड की तरफ से लोगन वान बीक ने तीन जबकि रीलोफ वान डर मर्व, पॉल वान मीकरेन और बास डी लीडे ने दो-दो विकेट लिए। नीदरलैंड ने पिछले साल टी-20 विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ, जिससे मैच को 43 ओवर का कर दिया गया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बहुत खराब रही तथा उसने आठ रन के अंदर चार विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर बिना किसी नुकसान के 36 रन से चार विकेट पर 44 रन हो गया। पहले दो मैच में शतक जड़ने वाले क्विंटन डिकॉक (20) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। कॉलिन एकरमैन ने उन्हें विकेट के पीछे कैच कराया। इसके बाद वान डर मर्व ने कप्तान तेंबा बावुमा (16) जबकि पॉल वान मीकरेन ने एडेन मार्कराम (01) की गिल्लियां बिखेरी। वान डर मर्व ने अगले ओवर में वान डर डुसेन (04) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को गहरे संकट में डाल दिया।

विकेट गिरने का क्रम यहीं पर नहीं थमा। हेनरिक क्लासेन (28) और मार्को यानसेन (09) भी क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने के बावजूद मिलर का लंबे समय तक साथ नहीं दे पाए। मिलर भी जब 23 रन पर थे तो बास डी लीडे ने वान डर मर्व की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर उनका कैच छोड़ दिया था। मिलर इसका फायदा नहीं उठा पाए और लोगन वान बीक ने उन्हें स्विंग लेती गेंद पर बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। केशव महाराज ने 37 गेंद पर पांच चौके ऑन और एक छक्का लगाकर दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ हार का अंतर भी कम किया।

इससे पहले बादल छाए हुए थे और ऐसे में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कगिसो रबाडा, मार्को यानसेन और लुंगी एनगिडी ने अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाकर नीदरलैंड का स्कोर 34वें ओवर में सात विकेट पर 140 रन कर दिया। इन तीनों तेज गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज हालांकि अंतिम ओवरों में रन प्रवाह रोकने में नाकाम रहे। उन्होंने अंतिम पांच ओवर में 68 रन लुटाए।

एडवड्र्स को निचले क्रम के बल्लेबाजों से अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने रीलोफ वान डर मर्व (19 गेंदों पर 29 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की। दसवें नंबर के बल्लेबाज आर्यन दत्त ने नौ गेंद पर नाबाद 23 रन का योगदान दिया। रबाडा ने मैच की अपनी पहली गेंद पर ही विक्रमजीत सिंह (02) को आउट कर दिया जबकि यानसेन ने उनके सलामी जोड़ीदार मैक्स ओडोउड (18) को छह गेंद बाद पैवेलियन का रास्ता दिखाया।

रबाडा ने ऑलराउंडर बास डी लीडे (02) को पगबाधा आउट किया। इस तरह से नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के कारण नीदरलैंड की टीम संकट में दिख रही थी। एडवड्र्स और दक्षिण अफ्रीका की तरफ से 26 मैच खेल चुके वान डर मर्व ने जवाबी हमले की रणनीति अपनाई जो कारगर साबित हुई।



धर्मशाला : दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर को आउट करने पर खुशी में दौड़ते नीदरलैंड के लोगन वान बीक (आगे) और साथी खिलाड़ी।

### स्कोर बोर्ड

| नीदरलैंड - | |
|---|---|
| विक्रमजीत सिंह का. क्लासेन बो. रबाडा | 02 |
| मैक्स ओडोउड डिकॉक बो. यानसेन | 18 |
| कॉलिन एकरमैन बो. गेराल्ड कोएत्जी | 12 |
| बास डी लीडे पगबाधा बो. रबाडा | 02 |
| एंगेलब्रेक्ट का. यानसेन बो. लुंगी एनगिडी | 19 |
| तेजा निदामानुरु पगबाधा बो. यानसेन | 20 |
| स्कॉट एडवड्र्स (नाबाद) | 78 |
| लोगान वैन बीक स्टंप डिकॉक बो. महाराज | 10 |
| वान डर मर्व का. डिकॉक बो. लुंगी एनगिडी | 29 |
| आर्यन दत्त (नाबाद) | 23 |
| **अतिरिक्त -** | **32** |
| **कुल** - (43 ओवर में आठ विकेट पर) | **245** |
| **विकेटपतन** - 1/22, 2/24, 3/40, 4/50, 5/82, 6/112, 7/140, 8/204 | |
| **गेंदबाजी** - लुंगी एनगिडी 9-1-57-2, मार्को यानसेन 8-1-27-2, कगिसो रबाडा 9-1-56-2, गेराल्ड कोएत्जी 8-0-57-1, केशव महाराज 9-0-38-1 | |

| दक्षिण अफ्रीका - | |
|---|---|
| तेंबा बावुमा बो. वान डर मर्व | 16 |
| क्विंटन डिकॉक का. एडवड्र्स बो. ऐकरमैन | 20 |
| वान दर डुसेन का. दत्त बो. वान डर मर्व | 04 |
| एडन मार्कराम बो. मीकरेन | 01 |
| क्लासेन का. विक्रमजीत बो. वान बीक | 28 |
| डेविड मिलर बो. वान बीक | 43 |
| मार्को यानसेन बो. मीकरेन | 09 |
| गेराल्ड कोएत्जी का. एडवड्र्स बो. डी लीडे | 22 |
| केशव महाराज का. एडवड्र्स बो. वान बीक | 40 |
| कगिसो रबाडा का. एंगलब्रेख्त बो. डी लीडे | 09 |
| लुगी एनगिडी (नाबाद) | 07 |
| **अतिरिक्त -** | **08** |
| **विकेटपतन** - 1/36, 2/39, 3/42, 4/44, 5/89, 6/109, 7/145, 8/147, 9/166 | |
| **गेंदबाजी** - आर्यन दत्त 5-1-19-0, लोगन वान बीक 8.5-0-60-3, कोलिन एकरमैन 3-0-16-1, पॉल वान मीकरेन 9-0-40-2, रीलोफ वान डर मर्व 9-0-34-2, बास डी लीडे 8-0-36-2 | |

## दिल्ली ने मध्य प्रदेश को सात विकेट से हराया

**देहरादून (भाषा)।** लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 13 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ई के मैच में मंगलवार को मध्य प्रदेश को सात विकेट से हराया। अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लेकर सुयश का अच्छा साथ दिया। अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दिल्ली ने मध्य प्रदेश को 9 विकेट पर 115 रन ही बनाने दिए। दिल्ली ने इसके बाद आयुष बडोनी (नाबाद 44 रन) और हिम्मत सिंह (नाबाद 27 रन) के बीच चौथे विकेट के लिए 72 रन की अटूट साझेदारी की मदद से 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। उधर रांची में ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा की 51 गेंद पर नौ चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से खेली गई 112 रन की पारी की मदद से 6 विकेट पर 275 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और आंध्र को 105 रन से हराया। आंध्र की टीम रिकी भुई की 52 गेंद पर नाबाद 104 रन की पारी के बावजूद 7 विकेट पर 170 रन ही बना पाई।

## न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान के उत्साह का करना होगा सामना

- मैच दोपहर 2.00 बजे से

**चेन्नई।**

न्यूजीलैंड की टीम भले ही लगातार तीन जीत दर्ज कर बेहतर स्थिति में दिख रही हो लेकिन उसे अफगानिस्तान के खिलाफ उसके उत्साह से बचकर खेलना होगा। जिस तरह से अफगानिस्तान ने अपने पिछले मैच में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को हराकर बड़ा उलटफेर किया, उससे यह टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ बुधवार को अपना चौथा मैच खेलने उतरेगी। अफगानिस्तान को पिछले दो विश्व कप में सिर्फ एक बार मैच में जीत नसीब हुई थी लेकिन उसे कभी भी बेहद कमजोर टीम के रूप में नहीं माना गया।

एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत ने अपना पहला मुकाबला आस्ट्रेलिया के साथ जीत लिया था, उसके बाद अब अफगानिस्तान के यहां खेलने से दर्शकों के बीच अचानक ही दिलचस्पी बढ़ गई है। इस मैच को लेकर तीन दिन पहले तक बहुत ज्यादा उत्साह नहीं था क्योंकि तब माना जा रहा था कि न्यूजीलैंड की टीम आसानी से अफगानियों को हरा देगी पर जिस तरह से इंग्लैंड को शिकस्त मिली है उससे अफगानियों के प्रति क्रिकेट प्रेमियों की दिलचस्पी और भी ज्यादा बढ़ गई है। हालांकि यह बात भी सही है कि अफगानिस्तान को हमेशा ही जुझारू टीम के रूप में देखा गया है। विश्व कप में उसके खेले गए मुकाबलों में से स्कॉटलैंड और अब इंग्लैंड के खिलाफ है मात्र दो जीत दर्ज है। विश्व कप के इस संस्करण में निचली रैंकिंग वाली टीमों में से अफगानिस्तान का क्रेज बढ़ चुका है।

दोनों ही टीमों ने मंगलवार को चेपॉक में अभ्यास कर अपनी तैयारी को अंतिम रूप दिया। हालांकि अफगानिस्तान को इस बात का थोड़ा मलाल रहेगा कि उसे फ्लडलाइट के नीचे अभ्यास का मौका नहीं मिला। फिर भी जिस तरह से उसने दिल्ली में जीत दर्ज की उससे खिलाड़ियों में न्यूजीलैंड को भी देख लेने की गजब की हिम्मत पैदा हुई है। अफगानिस्तान वाले जानते हैं कि उनको पिछले दोनों मुकाबलों में न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। 2015 और 2019 के विश्व कप में न्यूजीलैंड ने इस टीम को हराया था। अब उसकी कोशिश लगातार तीसरी जीत दर्ज करने की होगी। इसी तरह अफगानिस्तान भी कीवियों के खिलाफ पहली जीत दर्ज करने के लिए एडी चोटी एक कर देगी।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ही इस समय फार्म में हैं। उसने भी विश्व कप की शुरुआती मैच में इंग्लैंड को झटका देकर अब तक का सफर तय किया है। इस काम में ओपनर डेवोन कॉन्वे के अलावा रचिन रविंद्र और डेरिल मिशेल ने अपना काम बखूबी निभाया है। औपचारिक कप्तान केन विलियमसन एक बार फिर से चोटिल होने की वजह से बाहर हैं। उनकी जगह कप्तानी कर रहे टॉम लाथम ने भी अपनी एकमात्र पारी में पचासा जड़ा है। इसी तरह गेंदबाजी में मिशेल सेंटनर के साथ मैट हेनरी और पिछले मैच के हीरो लॉकी फर्गुसन भी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

दूसरी ओर अफगानिस्तान के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज ने तीनों पारियों में उपयोगी योगदान दिया है। इसके अलावा कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी, अजमतुल्लाह ओमारजाई और इकराम अलिखिल से न्यूजीलैंड को संभलकर खेलना होगा। राशिद खान को दुनिया भर की लीग क्रिकेट खेलने का अनुभव है और वह गेंदबाजी में टीम की बड़ी उम्मीद है। साथ ही मोहम्मद नबी, मुजीब उर रहमान और नवीन उल हक से अपेक्षा के अनुरूप उम्मीद पूरी नहीं हो सकी है, पर ये सभी मिलकर न्यूजीलैंड को कड़ी टक्कर देने की काबिलियत रखते हैं। चेन्नई में अफगानिस्तान जहां पहली बार खेलेगा वही न्यूजीलैंड इससे पहले पांच मैचों में दो बार मैच जीता है।



चेन्नई : मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान आपस में हंसी मजाक करते अफगानिस्तान के राशिद खान और मुजीब उर रहमान।


## पीवी सिंधु दूसरे दौर में, श्रीकांत व लक्ष्य हारे

**ओडेंसे (भाषा)।** भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधु और आकर्षी कश्यप ने मंगलवार को डेनमार्क ओपन सुपर 705 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत और लक्ष्य सेन पहले दौर में ही बाहर हो गए।

**डेनमार्क ओपन**

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली सिंधु को पहले दौर में स्कॉटलैंड की विश्व में 28वें नंबर की खिलाड़ी क्रिस्टी गिल्मर को 21-14, 18-21, 21-10 से हराने में संघर्ष करना पड़ा। यह मैच 56 मिनट तक चला।

एक अन्य मैच में विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी आकर्षी ने जर्मनी की दुनिया की 26वें नंबर की ली यवोन को 20-21, 22-20, 21-12 से हराया। सिंधु अगले दौर में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेगी जबकि आकर्षी का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से होगा।



श्रीकांत को पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के विश्व में 22वें नंबर के खिलाड़ी वेंग होंग यांग से 21-19, 10-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य सेन भी शुरुआती बाधा पार करने में नाकाम रहे और थाईलैंड के कांटाफोन वांगचारोएन से 16-21, 18-21 से हार गए। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कि भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी मलयेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी दूसरे दौर में पहुंच गए।

## संजीव रावत ने झटके 5 विकेट

**नई दिल्ली।** मैन ऑफ द मैच संजीव रावत (5/14) की घातक गेंदबाजी की बदौलत खेतान एंड कंपनी ने मॉडर्न स्कूल मैदान पर खेले जा रहे सिल्फ टर्फ क्रिकेट लीग 2023 के लीग मैच में जेटली एंड बख्शी टीम के खिलाफ सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की। **संक्षिप्त स्कोर** - जेटली एंड बख्शी : 18.5 ओवर में 93/10 (अनुभव यादव 22 रन, संजीव रावत 5/14)। खेतान एंड कंपनी : 13 ओवर में 99/2 (अभिमन्यु पाल 42 रन ना., सूरज प्रसाद मेहर 32 रन ना., मनीष भट्ट 2/22)। एक अन्य मैच में मैन ऑफ द मैच अनुराग अभिषेक (56 रन ना. व 2 विकेट) के बेहतरीन खेल के दम पर एस एंड ए लॉ ने इंडसलॉ को 132 रन से पराजित कर दिया। संक्षिप्त स्कोर - एस एंड ए लॉ : 20 ओवर में 230/5 (अनुराग अभिषेक 56 रन ना., जतिन कपूर 55 रन, शेखर यादव 2/33)। इंडसलॉ : 19.5 ओवर में 98/10 (मिहिर माथुर 27 रन, सूरज प्रसाद 4/10, अनुराग अभिषेक 2/16)।



#### शिवाजी कॉलेज ने फाइनल में

प्रशांत वशिष्ठ (82 रन ना., 4/21) के ऑलराउंड प्रदर्शन, निशांत आर्य 56 रन और गौतम 4/46 के खेल की मदद से शिवाजी कॉलेज ने एएफएस स्पोर्ट्स सेंटर को आठ विकेट से हराकर तीसरे एएचए ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। **संक्षिप्त स्कोर** - एएफएस स्पोर्ट्स सेंटर : 38 ओवर में 168/10 (स्वयं कौशिक 68 रन, प्रशांत वशिष्ठ 4/21, गौतम 4/46), शिवाजी कॉलेज : 27.4 में 173/2 (प्रशांत वशिष्ठ 82 रन ना., निशांत आर्य 56 रन, अभिषेक 1/38)।

#### न्यू भारती अकादमी जीती

मैन ऑफ द मैच ध्रुव विज 64 रन, वंशिका लीला 51 रन, दमनजीत सिंह 2/4, सक्षम 2/12, यश एंटील 2/18 के शानदार खेल से न्यू भारती क्रिकेट अकादमी ने गोल्डन ईगल टीम को नौ विकेट से हराकर सुभाष चंद्र शेओरान क्रिकेट कप में शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से कुश वाघेला ने 64 रन की पारी खेली। **संक्षित स्कोर** - (गोल्डन ईगल : 35 ओवर में 161/10, न्यू भारती अकादमी : 24 ओवर में 164/1)।

#### शौर्य का शानदार खेल

मैन ऑफ द मैच शौर्य (90 रन), शिवेष 48 रन, अनुज सिंह 3/24 और आयुष्मान सैनी 2/4 के शानदार खेल की बदौलत डीएवी रोहणी क्रिकेट अकादमी ने क्रैकबज कप में उदयभान क्रिकेट अकादमी को 68 रन से हरा दिया। पराजीत टीम की ओर से कार्तिक छज्जर ने 50 रन बनाए जबकि शिवांश ने 4 विकेट झटके। **संक्षिप्त स्कोर** - (डीएवी रोहणी : 40 ओवर में 285/10, उदयभान अकादमी : 37 ओवर 217/10)।

{ जनजाति विशेष

श्रीमती आशा ध्रुव }

# बैगा लोगों के जनजीवन में सामूहिकता का भाव



बैगा लोगों के जन जीवन सामूहिकता का विशेष महत्व है। उनमें आपाधापी, एकांतिक दृष्टिकोण या एंकागी चिंतन का भाव न होकर समूह कल्याण की भावना रहती है। यह सामूहिकता उनके जीवन में जन्म से लेकर मृत्यु तक हर कदम में दिखाई देती है। निधन होने पर मृतक के घर की भोजन व्यवस्था तीन दिवस तक ग्रामीण करते हैं तो हर घर से रोटी, पेज व भात बनाकर मृतक के परिजनों के यहां पहुंचाए जाते हैं। इसी तरह विवाह होने के बाद पिता या पालक / अभिभावक, पुत्र का घर ठीक पास से अलग से बना अथवा मुकर्रर कर देते हैं। इसके बावजूद निर्णय, जीवन-यापन तथा समाज में यह संयुक्त परिवार की तरह ही पेश आते हैं और इसका उचित निर्वहन भी करते हैं। वहीं लमसेना विवाह वाली पुत्री को पिता अपने दामाद के साथ 3 से 7 वर्ष तक रखता है और वे सभी निर्णय तथा जीवन यापन में सामूहिकता से पेश आते हैं।

{ पुस्तक समीक्षा }

# परिया तोड़वनी रेगहा



कृति के नाव: परिया तोड़वनी रेगहा

कृतिकार: चंद्रशेखर चकोर

समीक्षक: वीरेन्द्र ' सरल '

कृति 'परिया तोड़वनी रेगहा' कहानी संग्रह म हमर भाषा के शब्द सामर्थ्य ल जानके अचरज अउ खुशी होथे। हाना अउ ठेही, इंहा के परब- तिहार, लोक -जीवन, खेती-खार अउ जिनगानी के अलग-अलग रंग अउ ढंग ल कृतिकार ह ए कहानी संग्रह म समोय हावे। संग्रह के शीर्षक कहानी ह छतीसगढ़ म अपन बंजर जमीन ल खेत बनवाय बर रेगहा म दे के पारंपरिक प्रथा ल उभारे हे, फेर मुफ्त के माल कहां पचथे? खेत मालिक ल फोकट म बने-बनाय खेत मिलिस फेर ओहा ओखर जतन नई कर सकिस अउ खेत ह फेर परिया पड़गे। अलाली के दुष्परिणाम ह ये कहानी के केंद्रीय भाव आय। बरातू, भूलेश्वर देव, चुलुक नाव जइसे अउ आने-आने अउ बहुत जरूरी विषय मन ल केंद्र म रखके ये कहानी संग्रह ल रचे हावे। जउन ह पढ़ेच अउ गुने के लइक हे।

दल्लीराजहरा से 18 किमी दूरी पर माता महामाया की काली प्रतिमा अष्टभुजी है। माता के प्रतिमा के बाजू में विष्णु, शिव-पार्वती की प्रतिमा के अलावा हनुमान मंदिर भी है। मंदिर के मुख्य द्वार के बाईं ओर नव दुर्गा स्वरूप की प्रतिमाएं तथा मंदिर के छत पर बारह ज्योतिर्लिंग स्थापित किए गए हैं। मंदिर के बाहरी ओर हवन कुंड और नीचे गणेश की स्वयंभू प्रतिमा विद्यमान है। चारों ओर घने जंगलों से घिरे इस मंदिर तक जाने के लिए लगभग 217 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है।


# माता महामाया की कृपा पाने बीहड़ जंगलों में पहुंचते हैं भक्त



बालोद जिला से लगभग 25 किलोमीटर तथा दल्लीराजहरा से 18 किमी दूरी पर माता महामाया विराजित हैं। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि मन्दिर हजारों साल पुराना छःमासी रात में निर्मित है। मंदिर के गर्भगृह में विराजित मां महामाया की काली प्रतिमा अष्टभुजी है। माता के प्रतिमा के बाजू में विष्णु, शिव-पार्वती की प्रतिमा के अलावा हनुमान मंदिर भी है। मंदिर के मुख्य द्वार के बाईं ओर नव दुर्गा स्वरूप की प्रतिमाएं तथा मंदिर के छत पर बारह ज्योतिर्लिंग स्थापित किए गए हैं। मंदिर के बाहरी ओर हवन कुंड और मंदिर के नीचे गणेश की स्वयंभू प्रतिमा विद्यमान है। चारों ओर घने जंगलों से घिरे इस मंदिर तक जाने के लिए लगभग 217 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। मंदिर के मुख्य द्वार के दोनों ओर कुबेर और भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर परिसर में ही भव्य ज्योति कक्ष विद्यमान है, जहां विदेशों से भी भक्त ज्योति प्रज्जवलन कराने हेतु आते हैं। आस्था के इस स्थल पर चैत्र और क्वार नवरात्रि में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। बीहड़ जंगल में मां महामाया के मंदिर स्थल में साल, सागौन, तेंदू, आम, पीपल, नीम, कटहल के अलावा और भी जंगली पेड़ पौधे देखने को मिलते हैं। मन्दिर में प्रवेश करने पूर्व मंदिर के बाई ओर एक स्तंभ को शक्तिखुटा कहते हैं जहां ध्वज लहरा रहा है। मंदिर के पीछे घने जंगल के बीच से जल पतले झरने के रूप में वर्ष भर बहता होता रहता है, जो पहाड़ों से टकराते नीचे जलधारा में मिल जाती है। इस अनवरत बहते पानी को जलधरी कहते हैं।



आस्थाः तिलकेश्वरी पठारे



# अलौकिक सौंदर्य के मध्य आदि शक्ति मां सरई श्रृंगारिणी देवी धाम



पर्यटन : डा. विवेक तिवारी

बिलासपुर अंचल में बलौदा से कुछ ही दूरी पर ग्राम डोंगरी में 'आदि शक्ति मां सरई श्रृंगारिणी देवी धाम' स्थित है। मुख्य मार्ग पर मंदिर में भव्य प्रवेश द्वार पर दो काले श्वानों की प्रतिमा है। यहां से भीतर प्रवेश करने पर एक छोटा सा पक्का रास्ता नजर आता है जिसके दोनों ओर विभिन्न प्रकार के वृक्षों की प्रजातियां दिखाई देती है, जिसके कुछ दूरी पर ही मंदिर के गर्भगृह में काले रंग की 'भैरव बाबा' की एक भव्य प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर के सामने कुछ ही दूरी पर एक खूबसूरत और भव्य परिमलानंद द्वार है। इस द्वार पर एक काले पत्थर पर इसका इतिहास भी लिखा हुआ है। मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्जवलित है जो वर्षां से आज भी जल रही है। यहां पर एक विशाल वट वृक्ष है जिसके पहले एक छोटा सा पुल है जिसके नीचे से वर्षा का जल कल-कल करता हुआ बह रह था। ऊपर से बारिश की झड़ी और नीचे कल-कल करता हुआ जल एक अद्भुत अनुभूति देता है। इसी परिसर में हनुमान जी, यज्ञशाला, महादेव मंदिर, शनि मंदिर, माता संतोषी मंदिर तथा माता काली का मंदिर भी स्थित है। मंदिर के पार्श्व में सरई वृक्षों की सघनता है। प्रचलित कथा अनुसार पूर्व में यह क्षेत्र एक घना वन हुआ करता था, जहां एक व्यक्ति सरई के पेड़ को काट कर ले जाने हेतु अपनी बैलगाड़ी में रख लिया। जब उसने आगे बढ़ने की कोशिश की तो बैलगाड़ी वहां से आगे नहीं बढ़ा। दूसरे दिन प्रातः जब वह लौटा तो आश्चर्य चकित हो गया कि जिस सरई के पेड़ को उसने काट दिया था, वह पेड़ पुनः यथावत खड़ा हुआ है। यह बात ग्रामवासियों को बताई, तब सभी लोग वहां पर पहुंचे और इस चमत्कार से सरई पेड़ में देवी का वास माना। इसी दिन से लोग इस स्थान को आदि शक्ति मां सरई श्रृंगारिणी देवी धाम से जानने लगे और सरई वृक्ष की पूजा करने लगे। यहां विराजित मां सरई श्रृंगारिणी की प्रतिमा स्वयंभू मानी जाती है। दोनों नवरात्रि में यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है तथा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाते हैं। परिसर के दोनों ओर नाग-नागिन की विशाल तथा जीवंत प्रतिमाएं हैं। घने वन के मध्य बारिश के मौसम यह स्थल अद्भुत प्रतीत होता है। इस कारण पर्यटक इस सौन्दर्य और अलौकिकता का दर्शन करने पहुंचते रहते हैं।

# छत्तीसगढ़ के जमींदारियों में संगीत परंपरा



कला जगत : डा. अर्चना पाठक

छत्तीसगढ़ में रियासतों की भांति यहां की जमींदारियों में भी संगीत की परंपरा विद्यमान रही है। जमींदारियों में मुख्यतः अकलतरा, चांपा जमींदारी में बैरिस्टर छेदीलाल के अनथक प्रयत्नों से रामलीला का आयोजन किया गया। इस रामलीला में गायन और नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाता था। इस कार्य के लिए प्रतिष्ठित घरानों के गुणी कलाकारों को सादर आमंत्रित किया जाता था। कलावंतों द्वारा स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षित भी किया जाता था। गुणी कलाकारों को चुनाव करके कलकत्ता के प्रसिद्ध संगीतज्ञों के पास सीखने हेतु स्वयं बैरिस्टर साहब भेजते थे। इस प्रकार संगीत परंपरा की शुरूआत हुई, जो अद्यतन जारी है। छुरी जमींदारियों में राजा महेन्द्रपाल सिंह के समय में कलकत्ता के प्रसिद्ध मृदंगाचार्य भृगुनाथ वर्माजी का आना जाना लगा रहता था। बिलासपुर के नरियरा, नंदेली, किकिरदा, मुलमुला, ग्राम में संगीत शिक्षा के कई संस्थान थे। इस क्षेत्र में कई विद्वान संगीतज्ञों में ठाकुर भैरव सिंह, पं. पचकौड़ प्रसाद शर्मा, सुख सागर सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, भान सहि, बाबूलाल मिश्र, राम लखन दास जैसे अनेक उल्लेखनीय नामों की श्रृंखला है जिन्होंने संगीत के प्रचार-प्रसार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिए।

# छत्तीसगढ़ी में लोरी गीत



लोक साहित्य : डा. अनसूया अग्रवाल

छत्तीसगढ़ी में संतान को फिर चाहे वह पुत्र हो या पुत्री-लइका कहा जाता है। पुत्र संतान को बाबू या पीला तथा पुत्री को नोनी या बेटी कहते हैं। मां को दाई और पिता को ददा कहा जाता है। छत्तीसगढ़ी लोरियों में यहां के आंचलिक शब्दों का भरपूर प्रयोग होता है। यहां की लोरियों में संतान के संपन्न किसान होने की मंगल चाह होती है। चंदन का झूला और रेशम की डोर वाले पालने में चांद, तारों का साथ संतान को मिलता रहे यह मंगल कामना लोरियों में सहज दिखाई देता है। लोरियों की गुनगुनाहट बच्चों की सारी चंचल चेष्टाओं को शिथिल कर उन्हें नींद की स्वाभाविक प्रक्रिया की ओर खींच ले जाती है और मां की थोड़ी सी मेहनत, प्यार, दुलार और मनुहार के बाद बच्चा आराम से सो जाता है, देखें इस गीत में एक झलक- निंदिया तोला आबे रे, निंदिया तोला आबे रे।

सुति जाबे सुति जाबे, बाबू सुति जाबे रे।
झनि रोबे, झनि रोबे, बाबू झनि रोबे रे।
तोर दाई गेहे बाबू, महुआ बीने बर रे।
तोर ददा गेहे बाबू, खेत कोड़े बर रे।
कोन तोला मारिन बाबू, कोन तोला पिटिन रे।
कोन तोला अंगुरी के बाबू, छइहां देखाइन रे।

{ गांव की कहानी

तुषार शर्मा 'नादान' }

# आध्यात्म अउ इतिहास के संगम गांव आय टीला

माने जाथे कि मनखे मन ए ऊंच असन भुइयां मा आके बस गिन होही, काबर कि ऊंच भुइयां डहर बाढ़ के पानी नी चघय, अउ मनखे मन सुरक्षित रहिथें, तेन पाय के एकर नाव हा 'टीला' परिस होही। ए गांव मा एक ठन बंधवा तरिया हे, जिहां जुन्ना बेरा ले बड़े बड़े पखरा के भरमार हे। तरिया के पार मा तरिया के भितरी ले निकले जागृत देवी मौली माता के मंदिर हे। ऐ मूर्ति पूरा करिया पखरा के बने हे। गौर से देखे मा पता चलथे कि माता हा अपन कोरा मा नानुक लइका धरे हे जउन हा संकेत हरय के महतारी हा अपन भगत मन ला मया दुलार देवत रहिथे। गांव के पहुंचती सीमा में भगवान जगन्नाथ के 250 साल ले भी जुन्ना मंदिर हे।

नवा राजधानी ले लकठा मा विकास के अगोरा करत सुग्घर गांव हे-टीला। राजधानी रायपुर ले 40 किमी अउ तीर्थ क्षेत्र चंपारण ले 5 किमी दूरी म हावय। ए गांव हा महानदी के तीर मा बसे हे। माने जाथे कि मनखे मन ए ऊंच असन भुइयां मा आके बस गिन होही, काबर कि ऊंच भुइयां डहर बाढ़ के पानी नी चघय, अउ मनखे मन सुरक्षित रहिथें, तेन पाय के एकर नाव हा 'टीला' परिस होही। ए गांव मा एक ठन बंधवा तरिया हे, जिहां जुन्ना बेरा ले बड़े बड़े पखरा के भरमार हे। तरिया के पार मा तरिया के भितरी ले निकले जागृत देवी मौली माता के मंदिर हे। ऐ मूर्ति पूरा करिया पखरा के बने हे। गौर से देखे मा पता चलथे कि माता हा अपन कोरा मा नानुक लइका धरे हे जउन हा संकेत हरय के महतारी हा अपन भगत मन ला मया दुलार देवत रहिथे। गांव के पहुंचती सीमा में भगवान जगन्नाथ के 250 साल ले भी जुन्ना मंदिर हे। पहिली एकर गर्भगृह के द्वार मा एक बड़का शिला लगे रीहिस। बताए जाथे कि ऐ शिला घलो बधवा तरिया ले लाने गए रीहिस, जेन शिला ला पूरा गांव वाला मन मिल के उठाए नइ सकत रिहिन। गांव के एक झन सियान हा मंदिर के मौली माता ले मन्नत करके एके घांव मा लान के जगन्नाथ मंदिर मा पहुंचइस अउ उही रात के अपन परान तियाग दिस। परोसी गांव पोखरा हा नदिया के दूसर पार बसे हे तेला जोड़त बड़ सुग्घर एनिकट बने हे, जेन मा बारहों महीना पानी भरे रहिथे। टीला एनिकट के नदिया खड़ मा 81 फीट ऊंच बजरंगबली के मूर्ति हे, जेकर चारों मुड़ा नवग्रह के मूर्ति स्थापित हे। माने जाथे कि भगवान राम हा अपन बनवास काल मा राजिम, चंपारण होवत टीला मा घलो अपन चरण रज छोड़त आरंग डहर प्रस्थान करे रिहिन। ऐगांव ला आयुर्वेद ग्राम के गौरव घलोक मिले हे।



# पीजी कालेज धरना के सातवें दिन छात्रों ने बाल मुंडवाकर जताया विरोध

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने सातवें दिन बुधवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। सभी छात्रों ने छात्रहित में उठाये गये मुद्दों कि महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा उपेक्षा किये जाने से आक्रोशित होकर धरना स्थल पर अपने बाल का मुंडन कराकर अपना विरोध दर्ज कराया। बाल का मुंडन कराने वालों में ईश्वर यादव, निलेश बिन्द, अभिषेक चौरसिया, समीर कुमार थे मुंडन के पश्चात कहा कि महाविद्यालय प्रशासन कि तानाशाही और छात्रों के प्रति उदासीनता के चलते विवश होकर हम सभी शिक्षा के मंदिर में अपने बाल का मुंडन कराकर अपना विरोध दर्ज कराया है और जब तक हम सभी कि छात्रहित में मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा। बता दें कि छात्र विगत सात दिनों से 32 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में धरना दे रहे हैं। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्रों की मांगों कि अनदेखी कर उन्हें मानसिक प्रताड़ना के साथ आत्मदाह करने को मजबूर कर रहा है। जिसमें किसी भी छात्र के साथ कोई



अनहोनी होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन की होंगी। छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से छात्र संघ चुनाव कराने, प्राचार्य के महाविद्यालय में समय से आने कि मांग, टीसी चरित्र शुल्क कम करने कि मांग,बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश लेने,अवैध वसूली बंद करनें, बीपीई का रिजल्ट जारी करने कि मांग,फीस वृद्धि वापस लेंने, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय, तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, आरो वाटर मशीन लगाने कि मांग, महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें तथा सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आने व विभाग खोलने सहित आदि मांग है। धरना में शामिल छात्रनेत्री आरती बिन्द, प्रगति दूबे, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुज भारती, महामंत्री प्रवीण विश्वकर्मा, आकाश कुमार चौधरी, अभिषेक वर्मा, समर सिंह यादव, राहुल कुमार, प्रिंस प्रजापति, धीरज सिंह, संदीप चौहान, रोहित यादव, अभिषेक यादव, अमित यादव, रविकांत यादव नंदन यादव, रामविलास यादव, विशाल विश्वकर्मा, निखिल राज भारती, कृष्णा शर्मा, सत्यम कुमार, मयंक, अनूप यादव लव यादव,सत्यम यादव, अमृतांश बिन्द,प्राजंल मिश्रा, अरविंद यादव, प्रशांत बिन्द, आलोक कुमार राय,सुजीत यादव,अनुज यादव,चंद्रशेखर सिंह यादव,आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

## एनडीआरएफ की टीम ने प्रभा देवी डिग्री कॉलेज संतकबीर नगर में आपदा प्रबंधन से निपटने के सिखाए गुण

प्रखर संतकबीरनगर। 11-एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्ग दर्शन में 11-एनडीआरएफ (आरआरसी) गोरखपुर के निरीक्षक गोपी गुप्ता एवं उनकी टीम ने प्रभा देवी डिग्री कॉलेज में एनडीआरएफ की टीम ने बच्चों को व शिक्षकों को आपदा से बचाव एवं सुरक्षा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ में लगातार मॉक अभ्यास क्षमता निर्माण कार्यक्रम से जन जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा छात्र-छात्राओं व प्रशिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव के लिए स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित किया गया। आपदा के समय किए जाने वाले बचाव के तरीके के बारे में ट्रेनिंग दी गयी । इस प्रोग्राम में



एनडीआरएफ की टीम ने भूकंप से बचाव, आगजनी की घटना होने पर बचाव, बाढ़ से बचाव, इंप्रोवाइज्ड राफ्ट बनाना, स्ट्रेचर बनाना घायलों को प्राथमिक उपचार करना, घायल की ब्लीडिंग को रोकना चोटों को एस्टेबलाईज करना एवं पीड़ित की जान बचाने हेतु सीपीआर देने के बारे में बखूबी डेमो देकर प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीम के रेस्क्यूवर ने कई छात्रों एवं छात्राओं से बचाव उपायों को कराके भी सीखाया गया। स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के दौरान एनडीआरएफ टीम से टीम कमांडर निरीक्षक गोपी गुप्ता, के साथ 6 सदस्य टीम में मौजूद रहे एवं स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद त्रिपाठी, एवं अन्य अध्यापक एवं स्कूल के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग के अभियन्ताओं पर नाराज डीएम ने वेतन रोकने का दिया आदेश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता मे किसान गोष्टी विकास भवन सभागार मे आयोजित हुआ। पिछली बैठक में किसानो द्वारा किये गये शिकायतो का निस्तारण की पुष्टी करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानो भाईयो से सम्बन्धित जो शिकायते प्राप्त होती है उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अगली बैठक से पूर्व ही सुनिश्चित कर लिया जाये । शिकायतो के बिना निस्तारण बैठक मे प्रतिभाग करने पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगे। गोष्टी में उन्होने बारी-बारी से पिछली बैठक के दौरान प्राप्त शिकायतो के निस्तारण के सम्बन्ध मे शिकायतकर्ता से जानकारी ली। विद्युत बिल से सम्बन्धित शिकायत एवं नलकूप के ट्रांसफार्मर निश्चित समयान्तराल मे न बदले जाने के कारण किसानो द्वारा फिर से शिकायत करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य मे लापरवाही पर अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम का वेतन रोकने एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत विरतण खण्ड द्वितीय का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण का



निर्देश दिया। बैठक मे कृषको ने विद्युत, पशुपालन, टीकाकरण, मण्डी समिति दिलदारनगर मे क्रय केन्द्र पर जल जमाव की शिकायत से सम्बन्धित समस्याओं को जिलाधिकारी के सम्मुख अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को शिकायतो के निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने किसानो को बताया कि जनपद के 12 केन्द्रो पर जहां-जहां धान क्रय केन्द्र बनाये गये थे वही पर बाजरा क्रय केन्द्र की सुविधा किसानो को दी गयी है। जहां किसान अपना बाजरा सरकारी दर पर विक्रय कर सकते है। उन्होने सहभागिता योजना मे पात्र लोगो को ही पशु पालन हेतु पशु उपलब्ध कराने तथा. दिलदार नगर सहकारी समिति बन्द होने पर किसानो की समस्या को देखते हुए एक उपकेन्द्र खोलने का निर्देश दिया। गोष्ठी के अन्त मे जिलाधिकारी ने किसान लाभार्थियो मे सरसो एवं मसूर का मिनी किट का विरतण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी तथा सिचाई विभाग, विद्युत विभाग के अभियन्ता, नहर एवं अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सहित सम्मानित किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित कर्दमेश्वर महादेव मंदिर का उद्घाटन 19 अक्टूबर कों कन्दवा में

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत में प्राचीन मंदिरों के कायाकल्प के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही ट्रायडेंट सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा काशी में दर्जनों मंदिरों का जिर्णोद्धार अब तक कराया जा चुका है जिनमें सम्पूर्णानन्द के पास पंचदेव मंदिर, वरुणा पुल स्थित मूछ वाले हनुमान मंदिर, शिवाला स्थित चन्द्रमौलेश्वर मंदिर शामिल है` इसी क्रम में कन्दवा में कर्दमेश्वर महादेव के मंदिर का ट्रस्ट ने जिर्णोद्धार कराया है जिसका 19 अक्टूबर को सायं 6 बजे रामानुजाचार्य स्वामी श्री वासुदेवचार्य विद्या भास्कर जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रमन त्रिपाठी ने 18 अक्टूबर बुधवार कों सिगरा के मालवी बाग स्थित इण्टरनेशनल स्टूडियो सेन्टर फार सनातन रिसर्च के कार्यालय में




आयोजित पत्राकार वार्ता में दी` पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि हमारे प्राचीन मंदिर जहाँ भी जीर्ण क्षीर्ण अवस्था में हो उन्हें संरक्षित करने का बीड़ा ट्रायडेंट सेवा ट्रस्ट ने उठाया है अब तक देश में सैकड़ों मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत में रख-रखाव के अभाव में उपेक्षित मंदिरों को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा अपने स्तर पर ऐसे मंदिरों की खोज की जा रही हैं जो कि उपेक्षित हैं मंदिर की प्राचीनता तो है लेकिन उसकी देख-भाल करने वाला कोई नही। ट्रायडेंट सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष रमन जी के अनुसार देश में सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए विश्व की प्राचीनतम नगरी काशी में सिगरा थाना क्षेत्र के मौलवी बाग मुहल्ले में इंटरनेशनल स्टूडियों सेंटर फस्वर सनातन रिसर्च की स्थापना की जा रही हैं जिसमें सनातन संस्कृति को जानने व समझने वाले बुद्धिजीवी अपनी बात विश्व पटल पर पहुंचा सकते है उन्होने कहा कि जहां भी उपेक्षित प्राचीन मंदिर हो तो कोई भी व्यक्ति हमारे कार्यालय पर उसकी सूचना दे सकता है उसके पश्चात हमारे सदस्य उक्त मंदिर का अपने स्तर से निरीक्षण कर उसके उद्धार की दिशा में कार्य करने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर लोक चेतना के प्रदेश अध्यक्ष के0के0 उपाध्याय, केशव प्रसाद सेठ, राकेश पाण्डेय, पिन्टू, राहुल अवस्थी भी मौजूद थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बीर सपूतों को नमन करते हुए संयुक्त रूप से निकली गई अमृत कलश शोभा यात्रा

प्रखर संतकबीरनगर। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संचालित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत पूरे देश में स्वतंत्रता के लिए बलिदान हुए वीर अमर सपूतों को याद करते हुए अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में आज खलीलाबाद विकास खंड के ग्राम पंचायत ब्यारे भैसाहिया, मोहमदपुर कटार, अशरफाबद, पड़रिया, रसूलपुर, मोहद्दीनपुर, रसूलाबाद, धोराहरा, गडसरपार, फेउसा, भरपुरवा, सेमरा गांव के ग्राम प्रधान के सानिध्य में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में सभी गांव के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दर्जनों गांव में संयुक्त रूप से अमृत कलश यात्रा की शुरूआत मोहमद्दपुर कठार से बयारे, भैसहिआ, गढ़सरपार, फेऊसा आदि गावो से हो कर विकास खंड खलीलाबाद पहुंची । इस यात्रा में शामिल विकास खंड के ग्राम सचिव अनिल सिंह ने कहा की यह कलश दिल्ली पहुंचाया जाना हैं। जहा पूरे भारत से कलशों में जाने वाली मिट्टी से



राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत का भव्य प्रतीक बनेगी। अमृत कलश यात्रा के दौरान ब्यारे गांव के ग्राम प्रधान छोटेलाल यादव ने बताया की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सोच को पूरा देश सलाम कर रहा हैं इस उम्दा सोच से भारत देश की तकदीर और तस्वीर बदल रही हैं। वीर अमर शहीद सपूतों को याद करने और उन्हें नमन करने की जो विधि बनाई गई वह अपने आप में काबिले तारीफ हैं ऐसे भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को मैं दिल से धन्यवाद देता हु। इस अमृत कलश यात्रा में बयारे ग्राम प्रधान छोटे लाल यादव, संत प्रसाद यादव ,रुदल प्रसाद, मोहम्मद अशजद , एकलाक अहमद, अनिल कुमार यादव, परमेश्वर यादव, रविंद्र यादव, रामसनेही गुप्ता, राजन प्रधान, सदानंद प्रधान, इंदल, अजय, विकास खंड खलीलाबाद के ग्राम सचिव अनिल सिंह, विपिन चन्द, संतोष पाण्डे, कौशल सिंह, पंचायत सहायक अनिता यादव, वंदना, जनार्दन, चंदन, रेखा, शकुन्तला, प्रभावती, द्रोपदी आदि सभी गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

## महानाट्य जाणता राजा का मंचन 21-26 नवम्बर को काशी में : आचार्य शान्तनु जी महाराज

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य जाणता राजा का आयोजन आगामी 21-26 नवम्बर तक प्रतिदिन सायं 5.30 से 8.30 बजे तक एम्फी थियेटर मैदान बीएचयू में होना सुनिश्चित हुआ है` उक्त जानकारी प्रसिद्व कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने सिगरा स्थित होटल आरके ग्राण्ड में पत्रकारवार्ता में दी, इस दौरान प्रांत प्रचारक रमेश जी, विपिन सिंह व हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी अम्बरीष सिंह भोला मौजूद रहे शान्तनु जी महाराज ने बताया कि जाणता राजा महानाट्य में छत्रपति शिवाजी के जन्म से लेकर छत्रपति बनने तक की ऐतिहासिक गौरवगाथा को तीन घंटे के जाणता राजा महानाट्य के जरिए दशार्या जायेगा। दरअसल, मराठी भाषा में जाणता राजा का अर्थ एक बुद्विमान एवं दूरदर्शी शासक से होता है मंच पर उत्तम प्रकाश व्यवस्था,पात्रों के अनुरूप दमकते हुए कास्टयूम तोप, हाथी घोड़ों पर सवार सैनिक और गीतों से यह नाटक सुसज्जित होगा

**6 दिन तक होगा संचालन** – शान्तनु महाराज ने बताया कि सेवा भारती काशी प्रान्त व जाणता



राजा आयोजन समिति काशी प्रांत द्वारा जाणता राजा महानाट्य का मंचन बीएचयू में 6 दिन तक होना तय हुआ है` इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के माध्यम से जनमानस में राष्ट्रप्रेम जगाना, अपनी संस्कृति, संस्कार एवं अपने गौरवशाली इतिहास को जनमानस तक पहुंचाना तथा एक कुशल शासक के गुणों से अवगत कराना है साथ ही इससे प्राप्त सहयोग धनराशि से सेवा भारती द्वारा विभिन्न सेवा प्रकल्पों का संचालन करना है`

**घरों में नहीं लगते थे ताला** – उन्होंने बताया कि नाटक की कहानी 300 वर्ष पूर्व शुरू होती है` महाराष्ट्र उस समय ऐश्वर्य सम्पन्न था यहां घरों में ताले नहीं लगते थे यहां के वासी दान स्वीकार करने में शमार्ते थे उसी दौरान भारत भूमि पर पठानों की सेना मराठाओं पर हमला कर देती है हमले में पठानों की विजय होती है और देवगिरी हार जाता है मुगलों द्वारा जनता पर जुल्म ढाहे जाते हैं लड़कियों और लड़कों को गुलाम बना लिया जाता है उन्हें कोड़ो से पीटा जाता है`

**टिकट की है व्यवस्था** – शान्तनु जी महाराज ने बताया कि जाणता राजा महानाट्य में टिकट की भी व्यवस्था की गयी है जो पांच प्रकार से है इसमें 200, 500, 1000, 2500 व 5000 रुपये तक के टिकट उपलब्ध हैं 200 रुपये का टिकट केवल विद्यार्थियों के लिए है। बैठक में सुनील सिंह, आशुतोष सिंह आशु, अजय सिंह, श्रवण मिश्रा, प्रतीक श्रीवास्तव, उमेश सिंह, सन्नी मौर्या, दिनेश अग्रहरी, संजीव सिंह व अन्य मौजूद थे।

## लाडली अलंकृति के जन्मदिन पर बच्चों में वितरित हुई शिक्षण सामग्री

### नयी दिशा द्वारा प्राथमिक विद्यालय सेमरी में हुआ आयोजन

प्रखर कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को लाडली अलंकृति के जन्मदिन की प्रथम वर्षगाँठ के अवसर पर पिता डॉ0 सौरभ द्विवेदी व माता पुनीता पांडेय के सहयोग से नगर पालिका परिषद कुशीनगर, कसया स्थित प्राथमिक विद्यालय सेमरी के बच्चों को शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, बॉक्स इत्यादि वितरित कर उन्हें पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस



दौरान पौधरोपण भी हुआ। बच्चों को संबोधित करते बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 गौरव तिवारी ने कहा कि शिक्षा हम सबको ताकतवर बनाती है। हम शरीर से भले कमजोर हों, आर्थिक रूप से पिछड़े हों लेकिन अच्छे से पढ़ लिख कर अपने अधिकारों को जान और प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षित व्यक्ति की ताकत के आगे दुनिया नतमस्तक है। इसलिए शिक्षण सामग्री का उपयोग कर शिक्षित बनिये, ताकतवर बनिये। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर राजेश शुक्ल, डॉ0 निगम मौर्य, नन्दजा मिश्रा, राजपती देवी, संगीता देवी, गोविन्द, प्रभु, रामजतन, अजय, नितिका पांडेय, दिव्य प्रकाश पांडेय इत्यादि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं का मानदेय दिया जाय : प्रदेश अध्यक्ष



प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी आज वाराणसी में लखनऊ में होने वाले कन्वेंशन सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जल्द प्रदेश के कोटेदारों को मानदेय या 300रुपए करें। क्योंकि प्रदेश के कोटेदारों की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो रही है।तथा लखनऊ में आयोजित ऐतिहासिक कन्वेंशन की समीक्षा की जो जिले अभी इसमें अभी तक नाम तथा शुल्क जमा नहीं किये है वह लोग कल तक अपने जिले का कोटा पुरा कर लें। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने कहा कि इस सम्मेलन से उत्तर प्रदेश की दिशा तय करेगा।इस कार्यक्रम में हर जनपद से विधायक और मंत्री कार्यक्रम में शामिल होंगे। वाराणसी में सभी ब्लाक महानगर पदाधिकारी इस कार्यक्रम को जल्द से जल्द पुरा करें।साथ जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाण्डेय जिला सचिव अशोक कुमार हरिशंकर यादव प्रदेश सचिव अजय जायसवाल राजेन्द्र जायसवाल सुशील गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

### धर्मेंद्र राय बने प्रकृति अनाथ आश्रम के कानपुर जिलाध्यक्ष



प्रखर कसया, कुशीनगर। प्रकृति अनाथ आश्रम के राष्ट्रीय संरसक्षक श्रीश्री 108 श्री आचार्य गोविंद दास जी महाराज के निर्देश पर आश्रम के राष्ट्रीय प्रबन्धक मनोज कुमार दास ने धर्मेंद्र राय को आश्रम संगठन कानपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। कुशीनगर जनपद के कसया विकास खण्ड के ग्राम धुरिया निवासी आश्रम प्रबन्धक श्री दास द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार धर्मेंद्र राय पुत्र फुलेना राय कानपुर के गोविन्द नगर निवासी हैं। उन्हें आश्रम संस्था कानपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री दास ने विश्वास व्यक्त किया है कि आप आश्रम की कल्याणकारी नीतियों, सुखी सम्पन्न राष्ट्र व समाज निर्माण में पूरी निष्ठा से योगदान देंगे। मनोनयन पर हनुमानगढ़ी महन्थ श्री श्री 108 श्री महंत बलराम दास जी महाराज, श्री 108 श्री महंथ बृजमोहन दास, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लीना सिंह, साध्वी देवा ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट पूजा सिंह उर्फ पंकज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका द्विवेदी, प्रीति सिंह सुनीता देवी, अलका सिंह, सरोज, द्विवेदी, कविता सिंह, सविता सिंह पूजा मिश्रा, सुनील यादव, नगेन्द्र कुशवाहा आदि सहित हजारों ने बधाई दी है।

### तीन दिवसीय सी.बी.एस.ई. क्लस्टर-5 एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर, हरहुआ वाराणसी के तत्वावधान में आगामी 20 अक्टूबर 2023 से 22 अक्टूबर 2023 तक तीन दिवसीय सी.बी.एस.ई. क्लस्टर- ५ एथलेटिक मीट का आयोजन किया जा रहा है` इस एथलेटिक क्लस्टर में 26 जिलों से पधारे लगभग 1800 से भी अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 के अंतर्गत रनिंग, जंपिंग एवं थ्रोइंग (दौड़, कूद एवं प्रक्षेप) प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह ने इस संदर्भ में अपार हर्ष के साथ सूचित किया है कि इस एथलेटिक मीट के लिए विभिन्न जिलों से पधारे प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों का विद्यालय परिवार ह्रदय से स्वागत करता है एवं आगंतुक सभी टीमों एवं प्रशिक्षकों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ प्रेषित करता है इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 20 अक्टूबर 2023 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ासंकुल बड़ालालपुर में संपन्न होगा।

### मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को किया जागरूक



प्रखर चिरईगांव वाराणसी। कंपोज़िट विद्यालय सोनवरसा में नवरात्रि के परम पवित्र पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम मिशन शक्ति के तत्वावधान में माँ कैबिनेट मंत्री जी श्री अनिल राजभर जी के निर्देश पर कंपोज़िट विद्यालय सोनबरसा में थाना अध्यक्ष श्री राजीव कुमार सिंह व उनके सहयोगियों द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित जरूरी बातो को बताया गया साथ ही उन्हें महिला हेल्पलाइन,बालिका सुरक्षा हेल्पलाइन, 1090, 1098, डायल 112 आदि टोलफ्री नंबरों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवनीश पाठक,आरती गौतम,शशांक वर्मा,नीतू, नीलम,प्रमिला,शुभम सिंह समेत विद्यालय के सभी स्टाप व थानाध्यक्ष चौबेपुर की टीम मौजूद रही।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं